## सम्पादकीय

### भ्रम का जाल

हाल के दिनों में 'डीपफेक' के जरिए कई ऐसे वीडियो बना कर जारी कर दिए गए, जिनमें किसी व्यक्ति का चेहरा इस्तेमाल करके उसकी आपत्तिजनक छवि परोसी गई। पिछले दिनों चुनाव प्रचारों के दौरान कई पार्टियों और नेताओं ने एआइ और 'डीपफेक' का सहारा लेकर या तो अपनी काल्पनिक छवि तैयार करके लोगों के सामने पेश की या अपने विपक्षी नेताओं के ऐसे वीडियो तैयार किए, जिससे लोगों के बीच गलत धारणा बन सकती है। इसके बाद वे उस आधार पर किसी को वोट देने या न देने का फैसला कर सकते हैं। इस तरह के वीडियो या चित्र तकनीकी कारीगरी से तैयार किए गए होते हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में इससे संबंधित विवाद उभरते हैं तो इसकी जवाबदेही लेने को भी कोई तैयार नहीं होता। जबकि आम लोगों पर इसके असर का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यही वजह है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अगर कोई राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार एआइ के जरिए किसी तस्वीर, वीडियो या अन्य सामग्री का उपयोग करे तो उसके स्रोत की जानकारी जरूर दे। प्रचार के लिए अगर एआइ निर्मित सामग्री का उपयोग हो, तो उसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। लोकतंत्र में भ्रम फैलने के मद्देनजर आयोग की यह सलाह एक जरूरी कदम है, लेकिन यह काम केवल पार्टियों के भरोसे छोड़ने के बजाय खुद आयोग को भी इस पर कड़ी नजर रखनी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल, एआइ यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे कई क्षेत्रों में कामकाज आसान हो रहा है, मगर इसका दुरुपयोग भी कई स्तरों पर होने लगा है। हाल के दिनों में 'डीपफेक' के जरिए कई ऐसे वीडियो बना कर जारी कर दिए गए, जिनमें किसी व्यक्ति का चेहरा इस्तेमाल करके उसकी आपत्तिजनक छवि परोसी गई। चूंकि आम लोगों के भीतर अभी इस तकनीक के उपयोग और इसके प्रभाव को लेकर पर्याप्त स्तर पर परिपक्व समझ नहीं बनी है, इसलिए कई बार इसके जरिए गलत धारणा का प्रसार होता है।

# प्रवासी भारतीयों से सहयोग की अपेक्षा

भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स , जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निःसंदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक



8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रूझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन व डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बना है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही हैं। हम उम्मीद करें कि एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

## समुद्र में दुश्मनों के लिए अदृश्य खतरा है आईएनएस सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में जिन तीन युद्धपोतों को भारतीय नौसेना में कमीशन किया, उनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'आईएनएस सूरत'। यह युद्धपोत न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और सामरिक क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा। इसकी उन्नत तकनीक, स्वदेशी निर्माण और तेज निर्माण प्रक्रिया इसे विशेष बनाते हैं। आईएनएस सूरत का निर्माण और संचालन भारतीय नौसेना के लिए एक ऐसा नया युग लेकर आया है, जो भविष्य में देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। वास्तव में आईएनएस सूरत केवल एक युद्धपोत नहीं है बल्कि भारतीय नौसेना के भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक है, साथ ही भारत के आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वय का प्रतीक भी है। इसके सफल संचालन से भारतीय नौसेना अन्य आधुनिक युद्धपोतों और प्रणालियों के विकास की ओर अग्रसर होगी। आईएनएस सूरत को पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों और ईंधन दक्षता को प्राथमिकता दी गई है। यह युद्धपोत न केवल ताकतवर है बल्कि समुद्री पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार है। आईएनएस सूरत स्वदेशी रूप से निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक जहाज है, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस किया गया है। इस युद्धपोत को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के रडार से बचकर उस पर सटीक हमला भी कर सके।

इसके उन्नत स्टील्थ फीचर्स और उन्नत रडार सिस्टम इसे समुद्र में एक अद्वितीय ताकत बनाते हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोतों में चौथा और परियोजना-15बी के तहत निर्मित विध्वंसक पोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत है। इस युद्धपोत का नाम गुजरात के सूरत शहर के नाम पर रखा गया है, जो अपने व्यापार और औद्योगिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है। आईएनएस सूरत में सतह से हवा में मार करने वाले दो वर्टिकल लांचर हैं, जिनसे एक बार में 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें रॉकेट लांचर और टॉरपीडो लांचर भी हैं, जो दुश्मन की पनडुब्बियों को नष्ट करने में सक्षम हैं। संयुक्त गैस और गैस प्रणोदन प्रणाली से संचालित यह युद्धपोत चार गैस टर्बाइनों से लैस है। समुद्री परीक्षणों के दौरान इसने 30 नॉट्स (लगभग 56 किलोमीटर प्रतिघंटा) की गति प्राप्त की। उन्नत सेंसर और रडार सिस्टम से लैस यह युद्धपोत किसी भी मौसम में, दिन और रात, दुश्मनों की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम है। इस पर चेतक, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), सी किंग और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर संचालित किए जा सकते हैं। इसमें इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम लगाया गया है, जो समुद्र में सटीक मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है। आईएनएस सूरत का समुद्री परीक्षण 15 जून 2024 को शुरू हुआ था और 25 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ। छह महीने से भी कम अवधि में इसने सभी परीक्षण पास कर लिए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षणों के दौरान इसने विभिन्न परिचालन स्थितियों में अपनी क्षमता और विश्वसनीयता को साबित किया। परीक्षणों के दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्री सुरक्षा, दुश्मन पनडुब्बियों के खिलाफ ऑपरेशन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों तथा हथियारों की लांचिंग का सफल प्रदर्शन किया। इसमें 30 नॉट्स की गति प्राप्त करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। यह युद्धपोत सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला कर सकता है। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें इसे दुश्मन के विमानों और ड्रोन के खिलाफ भी सक्षम बनाती हैं। आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत की समुद्री शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐसा अत्याधुनिक युद्धपोत है, जो समुद्र में दुश्मनों के लिए एक अदृश्य खतरा है। यह भारत के समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय महासागरीय क्षेत्र में चीन और अन्य देशों की बढ़ती गतिविधियों के बीच आईएनएस सूरत का निर्माण भारत की रणनीतिक जरूरतों को पूरा करता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आईएनएस सूरत भारतीय नौसेना के लिए सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया :

*गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई।*
*गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*

राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया।

## अर्जुन को अपनी विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी के एक शिवलिंग की पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

# मिस कॉल आए तो कॉल बैक न करें, हो सकते हैं स्कैम का शिकार

हाल ही भारत की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि रिलायंस जियो के नाम पर प्रीमियम रेट सर्विस स्कैम हो रहा है। इस स्कैम में साइबर क्रिमिनल्स इंटरनेशनल नंबर्स से पहले मिस्ड कॉल करते हैं। जब कोई इन नंबर्स पर कॉल बैक करता है तो इसके लिए उसे ज्यादा चार्ज देना पड़ता है। इसलिए यूजर्स को इस तरह के फ्रॉड की पहचान कर उससे सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। प्रीमियम रेट सर्विस (पीआरएस) ऐसी सर्विस है, जो टेलिकॉम कंपनियों द्वारा कुछ विशेष फोन नंबर्स को दी जाती है। इन नंबर्स पर कॉल करने या मैसेज भेजने के लिए यूजर्स को अधिक चार्ज देना पड़ता है। ये चार्ज सामान्य कॉल या मैसेज से कई गुना अधिक होता है। इस तरह के कॉल्स के चार्ज का एक हिस्सा सिम ऑपरेटर कंपनी और दूसरा हिस्सा कॉल रिसीवर के अकाउंट में जाता है। आमतौर पर इन नंबरों पर मौसम की जानकारी, राशिफल या टेक सपोर्ट जैसी सर्विस दी जाती है। इसके अलावा एंटरटेनमेंट, जोक्स और एडल्ट टॉक के लिए भी इस सर्विस का इस्तेमाल होता है। प्रीमियम रेट सर्विस स्कैम में यूजर्स को अनजान इंटरनेशनल नंबर से कॉल आती है। यह कॉल इतनी छोटी होती है कि यूजर के उठाने से पहले ही डिस्कनेक्ट हो जाती है। जब यूजर इस नंबर पर कॉल बैक करता है तो उसे प्रीमियम रेट सर्विस का चार्ज देना पड़ता है। इस सर्विस पर कॉल करने के लिए प्रति मिनट लगभग 100 रुपए से ज्यादा चार्ज लिया जाता है। अगर आपके मोबाइल पर किसी अनजान इंटरनेशनल नंबर से मिस्ड कॉल आती है तो ये नंबर प्रीमियम रेट सर्विस से जुड़ा हो सकता है। अक्सर स्कैमर्स इस तरह की कॉल्स के लिए ऐसे देशों के कोड का इस्तेमाल करते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी ही नहीं होती है। इसके अलावा ऐसे अधिकांश कॉल्स देर रात में आते हैं। रात में अनजान नंबर से मिस्ड कॉल आने पर बहुत से लोग कॉल बैक कर लेते हैं। इससे वह स्कैमर्स के जाल में फंस जाते हैं। इस स्कैम से बचने के लिए फ्रॉड कर रहे फोन नंबर की पहचान करना सबसे जरूरी है। किसी भी कॉलिंग नंबर में सबसे पहले + का निशान होता है और उसके बाद कंट्री कोड लिखा होता है। उदाहरण के लिए भारत का कोड +91 है। वहीं अमेरिका का +1 और पाकिस्तान का कोड +92 है। अगर आपको कोई ऐसी संदिग्ध कॉल आती है, जिसका कंट्री



कोड भारत के बजाय किसी अन्य देश का है तो सतर्क हो जाएं। इस तरह की कॉल साइबर स्कैमर्स की हो सकती है। इस स्कैम का शिकार होने पर सबसे पहले अपनी सिम ऑपरेटर कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके बाद स्थानीय पुलिस और साइबर क्राइम को भी इसकी लिखित सूचना दें। इसके अलावा इस तरह की फ्रॉड कॉल दोबारा न आए, इसके लिए उस नंबर को तुरंत ब्लॉक कर दें। प्रीमियम रेट सर्विस का इस्तेमाल प्रीपेड और पोस्टपेड, दोनों तरह के यूजर्स के लिए उपलब्ध है। जब आप अपने मोबाइल नंबर से प्रीमियम रेट सर्विस यानी इंटरनेशनल कॉल या स्पेशल स्स्र् सर्विस का इस्तेमाल करते हैं तो उसके लिए अतिरिक्त चार्ज लिया जाता है। इसके बाद ही आप इस तरह के नंबर्स पर कॉल कर सकते हैं। पोस्टपेड नंबर्स वाले यूजर्स के प्रीमियम रेट सर्विस स्कैम में फंसने की आशंका ज्यादा रहती है क्योंकि उन्हें इस तरह की कॉल्स के लिए कोई अतिरिक्त रिचार्ज करने की जरूरत नहीं होती है। इसकी जानकारी उन्हें तब होती है, जब महीने के बाद उनका मोबाइल बिल आता है।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
JANMARG news
श्रीगंगानगर, शनिवार, 18 जनवरी 2025
» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रामसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीविजयनगर

जनमार्ग

# उत्तर पश्चिम रेलवे जेडआरयूसीसी की 21वीं बैठक का आयोजन

## सदस्यों ने रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये सुझाव दिये

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की 21वीं बैठक शुक्रवार को प्रधान कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई। समिति के सदस्यो में उत्तर पश्चिम रेलवे के भौगोलिक क्षेत्र से संबन्धित संगठनों, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, रेल यात्री संगठन, उपभोक्ता संरक्षण संगठन के प्रतिनिधियों एवं नामित सदस्यो तथा राजस्थान सरकार की प्रतिनिधि श्रीमती रश्मि गुप्ता, संभागीय आयुक्त, जयपुर सहित कुल 11 सदस्य सम्मिलित हुए।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष-क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति एवं उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिये पूर्ण क्षमता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने रेलमार्ग के विद्युतीकरण, माल लदान, समय पालन, रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं, शिकायत निवारण, स्टेशनों के रि-डेवलपमेंट कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उत्तर पश्चिम रेलवे पर विगत समय में किये गये कार्य निष्पादन, यात्री सुविधाओं के कार्य, निर्माण परियोजनाएं तथा विगत उपलब्धियों पर सचिव-क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति व उप महाप्रबंधक-सामान्य श्री शशांक ने



प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया।

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने अपने क्षेत्र में यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुये नई रेल लाइन, वंदे भारत एवं अन्य नई ट्रेनों के संचालन, विस्तार व फेरों में बढ़ोतरी, रेलगाड़ियों के ठहराव, ट्रेनों की समय-सारणी में बदलाव एवं यात्री सुविधाओं में विस्तार, रेलवे स्टेशनों सफाई व्यवस्था, स्टेशनों का विकास, फुट ओवर ब्रिज की सुविधाए, स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधाए वृद्ध एवं निशक्तजनों हेतु सुविधायें, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, प्रतीक्षारत यात्रियों हेतु सुविधाएं इत्यादि पर सुझाव प्रदान किये। समिति के सदस्यों ने बैठक के आयोजन और यात्री सुविधाओं के लिये की गई चर्चा के लिये रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक श्री मदन देवड़ा, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक श्री नरसिंह, उपमहाप्रबन्धक (सा.) श्री शशांक, वरि. सहायक उप महाप्रबन्धक श्री कमल शर्मा, उप सचिव श्री पी. के. मलिक सहित प्रधान कार्यालय के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## श्रीगंगानगर-बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुंभ मेला 2025 के लिए श्रीगंगानगर-बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 04719 श्रीगंगानगर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) श्रीगंगानगर से 21 फरवरी 2025 को 15.35 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 03.30 बजे आगमन व 03.40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 09.00 बजे बरौनी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04720 बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) बरौनी से 23 फरवारी 2025 को 23.00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 02.50 बजे आगमन व 03.00 बजे प्रस्थान कर 14.30 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, हनुमानगढ टाउन, टीबी, ऐलनाबाद, नोहर, गोगामेडी, तहसील भादरा, सिधमुख, सादुलपुर, चुरु, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, चौमूं सामौद, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगराफोर्ट, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 थर्ड एसी, 05 द्वितीय शयनयान, 15 साधारण श्रेणी, 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 23 डिब्बे होगे।

## सर्वजीत कौर 25 जीबी को बनाया कार्यकारी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष



**गजसिंहपुर।** अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक संरक्षक छोटीलाल बुनकर एवं प्रदेशाध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मी यादव की अनुशंषा पर संगठन की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शाखा कार्यकारी जिला अध्यक्ष का मनोनयन / नियुक्ति संगठन हित में की जा रही है इनके कार्य को देखते हुए सरबजीत कौर ( आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 25 जीबी श्री विजयनगर ) को श्रीगंगानगर कार्यकारी जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। वही सरबजीत कौर कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उन्होंने संवाददाता को कहा कि मैं हमेशा संगठन के हित में कार्य करूंगी और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगी।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## एईएन अमनदीप कौर उत्कृष्ट कार्यो के लिए हुई सम्मानित




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सामाजिक समरसता यात्रा श्रीगंगानगर शहर में सम्पन्न हुई। 7 जनवरी को घड़साना से आरम्भ हुई इस यात्रा ने विभाग के सूरतगढ़, हनुमानगढ़ और गंगानगर जिलों के विभिन्न गांवों, कस्बों व नगरों में भ्रमण किया तथा हिंदू समाज को एकता के सूत्र में बंधकर सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। यात्रा के समापन अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाजहित मे उत्कृष्ट कार्य करने वालो व सामाजिक समरसता की मुहिम पर कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमनदीप कौर (एईएन) नगरपरिषद, श्रीगंगानगर व प्रदेशाध्यक्ष, अखिल भारतीय बावरिया समाज महिला मंच को भी सम्मानित किया गया। इनके द्वारा समय समय पर हर समाज के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में मदद की जाती है। बच्चों को किताबे, कापियां, रजिस्टर व कोचिंग सेन्टर की फीस मे मदद की जाती है। इनके इस सहयोग से काफी बच्चे सरकारी नौकरी मे भी लगे हैं।

## तीन दिवसीय मैडीटेशन कार्यक्रम 19 जनवरी तक

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** आनन्दम् फाउण्डेशन के तत्वावधान में अरोड़वंश स्कूल के पीछे तहसील कार्यालय के नजदीक स्थित मुकेश ऑडिटोरियम के ए.सी. हॉल में तीन दिवसीय मैडीटेशन कार्यक्रम 'आनन्द का महासागर' का आयोजन 17 से 19 जनवरी तक किया जा रहा है जिसका समय प्रतिदिन सुबह 9 से सांय 6 बजे तक होगा। मैडीटेशन शिविर फांउण्डेशन के संस्थापक स्वामी आलोक जी के सानिध्य में किया जा रहा है। स्वामी जी गोल्ड मैडलिस्ट इंजीनियर रहे हैं व 27 वर्ष इण्डियन रेलवे में सेवाएँ देकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर पूरे विश्व में मैडीटेशन शिविर आयोजित कर आनन्द फांउण्डेशन के माध्यम से तीन दिवसीय वर्कशॉप लेते हैं।

### पथराव की घटना रोकने की कवायद

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर ड्रोन से होगी पेट्रोलिंग, 20 किमी कवर करेगा

जनमार्ग न्यूज

**झाबुआ।** यहां से होकर गुजरने वाले दिल्लीङ्कमुंबई एक्सप्रेस वे (8ङ्कलेन) पर एक-दो दिन में दो ड्रोन से पेट्रोलिंग शुरू हो जाएगी। सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच होने वाली पेट्रोलिंग में एक बार में ड्रोन दो किमी ऊंचाई पर उड़ाएंगे जो 20 किमी तक जाएगा। इसमें 48 मेगा पिक्सल का कैमरा है जिससे 8 लेन पर कोई संदिग्ध स्थिति या पथराव करने वाले उत्पाती बदमाश खड़े हो तो आसानी से पिक्चर कैप्चर हो जाएगी। ऐसे सेंसर लगे हैं कि 20 किमी की परिधि में कोई पेड़ या तार बीच में आ जाए तो यह दो फीट पहले रुक जाएगा। दरसअल, एक्सप्रेस वे झाबुआ जिले की 30 किमी के क्षेत्र से होकर गुजर रहा है। टिमरवानी से माही नदी के बीच सालभर में छह से सात बार पथराव की घटना हो चुकी है।



इसी के मद्देनजर पुलिस ने ड्रोन से पेट्रोलिंग के लिए दो हाईटेक ड्रोन बुलवाएं है। शुक्रवार को ड्रोन को उड़ाकर चेक किया गया। एसपी पदम विलोचन शुक्ल बताते हैं यह लेटेस्ट मॉडल का ऑटो हैंडलिंग ड्रोन है। यानी जब इसकी बैटरी खत्म होने लगती है तो यह सिग्नल देने लगता है और इसे जहां से उड़ाया जाता है, वहीं वापस आ जाता है। दरसअल, एक्सप्रेस वे पर फोर व्हीलर या बड़े वाहनों की स्पीड 120किमी / घंटा है। झाबुआ होकर गुजरते समय रास्ते में कई बार पथराव की घटनाएं हो जाती है। इस वजह से वाहन चालक का संतुलन बिगड़ जाता है। ऐसे में बड़ा हादसा हो जाता है। दूसरा रास्ते में बदमाश पथराव कर भाग जाते हैं। ऐसे में ड्रोन 20 किमी की परिधि में बदमाश किस दिशा में भागे हैं, उनका पहनावा क्या था आदि के फोटो कैप्चर कर लेगा। इससे पुलिस को उन्हें पकड़ने में सुविधा होगी। इसकी बैटरी भी 48 मिनट तक चलती है।

## समोसे का लंगर लगाया



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** रोट्रेक्ट क्लब सनशाइन ने नई धान मंडी के नजदीक केनरा बैंक के बाहर समोसे का लंगर लगाया। अध्यक्ष डॉ. मनीष बाघला, पूर्व अध्यक्ष मुदित जैन के अलावा विशाल छिम्पा, हीरालाल सिंगल आदि ने सेवाएं दीं। इस सेवा कार्य में अनेक जनों ने सहयोग दिया।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर कल

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** हैनीमेन एज्यूकेशन रिसर्च फोरम एवं



शुभकरमन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कल रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में दिव्यांग बच्चों के उपचार हेतु नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। ट्रस्ट निदेशक डॉ. चरणजीत सिंह ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम द्वारा शारीरिक तौर पर अल्प विकसित, गूंगे-बहरे, अंधे, स्वालीन, जन्म से अंगहीन व मंदबुद्धि बच्चों की निशुल्क जांच व उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी। शिविर के दौरान बाहर से आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा प्रबन्धक कमेटी द्वारा लंगर की व्यवस्था की जाएगी।

# बीएसएफ परेड ग्राउंड में सामुहिक रूप से आयोजित होगा गणतंत्र दिवस समारोह



जनमार्ग न्यूज

**खाजूवाला।** खाजूवाला बीएसएफ ग्राउंड में गणतंत्र दिवस जो कि भारत का राष्ट्रीय पर्व है उसे गरिमामय ढंग से मनाया जाए इसको लेकर अटल सेवा केंद्र में उपखंड अधिकारी रमेश कुमार ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया और आवश्यक दिशा निर्देशदिए। इस मौके पर गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपखंड अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि इस बार 26 जनवरी का पर्व बीएसएफ की 96 वें बटालियन के साथ सामूहिक रूप से बीएसएफ परेड ग्राउंड में मनाया जाएगा। इस बार का गणतंत्र दिवस पहले की तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति से ओत-प्रोत रहेगा। वहीं गणतंत्र दिवस समारोह में मार्च पास्ट, राष्ट्रीय ध्वजारोहण, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के पीटी परेड के साथ संस्कृति कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार कमलेश,खाजूवाला सहायक विकास अधिकारी प्यारेलाल, नगर पालिका ईओ सोहनलाल नायक, पीटीआई रविंद्र गोदारा, सीबीईओ बद्रीराम सहित निजी विद्यालय के प्रदीप भांभू, देवीलाल, तीर्थराज कडेला सहित प्रशिक्षु के तौर पर खाजूवाला उपखंड क्षेत्र में आए आरएएस निधि, दिव्या और विक्रांत भी बैठक में मौजूद रहे।

## गौशाला की कृषि भूमि के ठेके के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा



**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** ग्राम पंचायत श्रीनगर क्षेत्र के गौशाला की 105 बीघा कृषि भूमि के ठेके के संबंध में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल सरपंच नवनीत कौर व सलीम खान ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में 105 बीघा कृषि भूमि है जो हनुमानगढ़ टाउन कि गौशाला द्वारा अधिग्रहीत कि हुई है। उक्त भूमी ग्राम पंचायत क्षेत्र में आती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ग्राम पंचायत में गौशाला संचालित नहीं हो रही थी इसलिये ग्राम पंचायत को कोई आपति नहीं थी। अब ग्राम पंचायत में नई गौशाला निर्माणाधीन है तथा कुछ पशु रखे हुये है। उन पशुओ को हरे चारे की आवश्यकता रहती है। उन्होंने बताया कि समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि 19 जनवरी को उक्त कृषि भूमि को कृषि कार्य के लिए ठेके पर दिए जाने के लिए बोली करवाई जानी है। ज्ञापन में उक्त कृर्षि भूमि में से पंचायत को हिस्सा दिलवाये जाने की मांग की गयी है जिससे की निराश्रित पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था करवाई जा सके।

# भाविप का उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

### साइबर क्राइम से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा श्रीगंगानगर द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह नई धान मण्डी स्थित ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य शाखा अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राईम) रामेश्वर लाल, गौड़ सभा पूर्व अध्यक्ष जगदीश गौड़, दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर डुडेजा, ट्रेडर्स एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेन्द्र पाल आहुजा, अंगदान देहदान प्रकल्प प्रान्तीय प्रभारी राजेश कामरा तथा प्रान्तीय प्रभारी तरसेम तायल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप



प्रज्वलित कर तथा पुष्प माला पहनाकर की गई। तत्पश्चात् शाखा अध्यक्ष द्वारा वन्देमातरम् गीत गाकर माँ भारती की वंदना की गई। जय भारत पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान द्वारा अतिथियों का स्वागत किया तथा नृत्य प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। रिद्धम म्यूजिकल ग्रुप अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह नैण तथा मोहन सिंह जोरा ने पुराने सदाबहार गीतों द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस मौके पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के समस्त सदस्यों को सपरिवार स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल ने भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा पुलिस लाईन में 100 गुणा 100 फुट के पार्क निर्माण कार्य करवाने पर साधुवाद दिया तथा साइबर क्राइम से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रांतीय प्रभारी राजेश कामरा ने भारत विकास परिषद के उद्देश्यों से अवगत करवाया। शाखा अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने सामाजिक एवं सेवा क्षेत्र में आयोजित प्रकल्पों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव नरेश अरोड़ा ने गो सेवा, अन्न सेवा, जल सेवा, रक्तदान एवं पर्यावरण सेवा पर विचार व्यक्त किए तथा वर्तमान सत्र में किए गए सेवा कार्यो पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष रामनिवास हिन्दू ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद प्रताप शाखा अध्यक्ष चन्द्रेश जैन, महिला शाखा से श्रीमती ममता अरोड़ा जैन, भारत विकास परिषद मुख्य शाखा से राजेन्द्र शर्मा, परमजीत दावड़ा, लालचंद बंसल, डॉ. शोभित टंडन, डॉ. अशोक अरोड़ा, सुशील गोयल, सुभाष भाटिया, राजेन्द्र चाहर, दर्शन मोंगा, लालचंद बंसल, विनोद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मुकेश सेठी, राय सिंह वर्मा, बाबूलाल सैनी, आदेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजकुमार चुघ, नरेश छाबड़ा, दिनेश सोलंकी, सोमेश बंसल, महावीर सांघी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति सपरिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन उमंग शर्मा ने किया।

## वरीष्ठ नागरिकों-वृद्धजनों के अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री गंगानगर के तत्वावधान एवं तालुका विधिक सेवा समिति सूरतगढ़ के अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहम्मद आसिफ अंसारी के निर्देशानुसार गुरू भरोसा सेवा संस्था किशनपुरा आबादी में वरीष्ठ नागरिकों / वृद्धजनों के अधिकारों के सम्बध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन का मुख्य विषय वृद्धजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रखा गया। शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में तालुका पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने संस्था में मौजूद वृद्धजनों को उनके अधिकारों से अवगत करवाते हुए बताया कि माननीय राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रतिमाह वृद्धजनों को उनके अधिकारों से अवगत करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बताया जाता कि उनके पास कौन कौन से अधिकार है एवं उन अधिकारों का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान तालुका पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने बताया माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवा योजना, 2016, के तहत वरिष्ठ नागरिकों को सहायता दी जाती है। शिविर के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति सचिव विनोद भाटी ने शिविर में मौजूद सभी वृद्धजनों को बताया कि इस योजना के तहत, वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर कानूनी सहायता दी जाती है।



कल से त्रिवेणी संगम की पुण्यस्थली प्रयागराज में महाकुंभ का महायोजन आरंभ हो रहा है। अनुमान है इस बार इसमें देश ही नहीं दुनिया भर से करोड़ों लोग सम्मिलित होंगे। धर्म, आस्था और संस्कृति के इस आयोजन की सदियों पुरानी परंपरा की दिव्यता और भव्यता की छटा आपको आलौकिक अनुभूति से ओत-प्रोत कर देगी। इसकी विराटता और सांस्कृतिक महत्ता पर एक विहंगम दृष्टि।

## प्रयागराज महाकुंभ-2025

# धर्म-आस्था-संस्कृति का महायोजन

अगर आप बचपन से ही अपनी परवरिश के दौरान महाकुंभ के किस्से सुनने के आदी रहे हैं, तो यकीन मानिए पहली बार जब आप महाकुंभ के विहंगम दृश्य से दो-चार होंगे, तो स्तब्ध रह जाएंगे। कुछ कहते, सुनते या व्यक्त करते ही नहीं बनेगा। मैंने महाकुंभ पर अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन की यह टिप्पणी पहली बार कुंभ का औचक एहसास करने के बाद पढ़ी थी, इसलिए मैं दंग रह गया था कि यह शब्दशः बिल्कुल वैसी ही टिप्पणी थी, जैसी कि मैंने पहली बार 22 साल की उम्र में महाकुंभ में शामिल होने के बाद महसूस की थी।

**बिलक्षण दिखता है विहंगम दृश्य:** मीलों तक भगवा वसनों में लिपटे साधु-संतों की कतारें, प्रतिध्वनि का एहसास कराते उनके मंत्रोच्चार, जहां तक नजरें देख सकती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा लैंडस्केप होता है, जो कुंभ के अलावा आप कहीं नहीं देख सकते। शायद यही वजह है कि जितने भी विदेशी लेखकों, सैलानियों और विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तित्वों ने कुंभ को देखा है, उनके लिए इसका वर्णन अनिवर्चनीय सा रहा है।

**विदेशी लेखक-यात्री होते रहे हैं अचंभित:** ह्वेनसांग जैसा बेहद तटस्थ चीनी यात्री, जिसने पहली बार 7वीं शताब्दी में भारत का विस्तार से 'फर्स्ट हैंड एकाउंट' दर्ज किया था। वह बेहद तटस्थ और किसी चीज के वर्णन के दौरान भावनाओं को काबू में रखने वाला इतिहासकार भी महाकुंभ को देखकर अचंभित और अभिभूत रह गया था। उसने लिखा है कि धार्मिक भक्ति का यह आयोजन अद्वितीय है।



अमेरिकी कवि और लेखक एलन गिंसबर्ग ने महाकुंभ के अनुभव को व्यक्त न किया जा सकने वाला अद्वितीय अनुभव बताया है। वह कहते हैं, इससे भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का एहसास किया जा सकता है। मार्क ट्वेन तो पत्रकार भी थे और वह किसी चीज का महिमामंडन करने से बचते थे। अपनी संतुलित रिपोर्टों के लिए पहचाने जाने वाले मार्क ट्वेन ने महाकुंभ को लेकर लिखा है, 'इसमें बिना किसी दिखावे के आध्यात्मिक उद्देश्य से जितनी विशाल संख्या में लोग आते हैं, वह आश्चर्यचकित करती है।'

**होती है अभूतपूर्व-अद्वितीय अनुभूति:** शायद महाकुंभ इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को पराकाष्ठा की हद तक झकझोर देने वाला अनुभव होता है। यही कारण है कि एक सामान्य हिंदू बचपन से ही जिसके कानों में महाकुंभ के किस्सों की लंबी स्मृतियां मौजूद होती हैं, वह जब पहली बार साक्षात कुंभ में शामिल होता है तो उसकी विराटता और भव्यता को देखकर रोमांच से अभिभूत हो जाता है, तब वह इस पर कोई टिप्पणी कर सकने की स्थिति में नहीं रहता। महाकुंभ सचमुच बेहद गहन और अद्वितीय अनुभव है। पहली बार महाकुंभ को अपनी आंखों से देखने वाला कोई उससे पहले, उतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी होती और वह भी बिल्कुल ठहरी हुई, बिना किसी उग्रता, बिना किसी बेचैनी के श्रद्धा और भक्ति में डूबी हुई। खासकर जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है, तो वह भावनाओं को तो आह्लादित करता ही है, आंखों को भी आश्चर्य में फैल जाने को मजबूर कर देता है।



**दिव्यता-भव्यता की सीमा से परे:** महाकुंभ का वातावरण इतना भाव और भक्तिपूर्ण, आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत होता है कि उसके वर्णन के लिए सटीक शब्द नहीं मिलते। बस आप भावनाओं की दिव्यता और भव्यता से पुलकित भर होते रहते हैं। अगर कहें कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला है तो यह इसको पूरी तरह से नहीं व्यक्त करेगा। यह इतनी किस्म की भावनाओं का विशाल सम्मेलन है कि जहां सही मायनों में कोई एक एहसास ही नहीं रहता। दिव्यता और भव्यता जैसे शब्द भी इस अनुभूति के सामने फीके पड़ जाते हैं।

**कुंभ स्नान की आलौकिक अनुभूति:** जब आप पहली बार कुंभ में डुबकी लगाते हैं, तो पता नहीं वह कौन-सा ऐसा मनोविज्ञान है कि आप बेहद हल्केपन का एहसास करते हैं। लगता है, वाकई शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। कुंभ में स्नान करते ही मन और शरीर एक आलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से भर जाता है। महाकुंभ के दौरान आंखों के अनंत छोर तक साधु-संतों को देखना, उनके स्थितप्रज्ञ वचनों को सुनना, जीवन को विराट रहस्य से भर देता है। सामूहिकता का इससे बड़ा एहसास शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो, जितना बड़ा एहसास महाकुंभ में होता है। लगता है महाकुंभ में धर्म और प्रकृति आपस में घुल-मिल गए हों।

**दुनिया भर से आते हैं करोड़ों लोग:** कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था। इसकी क्या वजह थी यह तो पता नहीं पर महाकुंभ के सैलाब में आध्यात्मिकता के एक अदृश्य सुरूर का एहसास होता है। शायद यही वजह है कि हर 12 साल बाद हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में लगने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए दुनिया के कोने-कोने से करोड़ों हिंदू तो आते ही हैं, अब लगातार उन विदेशी पर्यटकों की संख्या भी हर गुजरते साल के साथ बढ़ती जा रही है, जो धर्म से ज्यादा इसमें आध्यात्मिकता के पुलक भरे एहसास को महसूस करने के लिए आते हैं।

ऐसे दुर्लभ और अद्वितीय महायोजन की अनुभूति कैसी होगी, इसके लिए हमें स्वयं उसमें सम्मिलित होना होगा, इसकी दिव्यता और भव्यता का स्वयं साक्षात्कार करना होगा। *



### हजारों वर्ष पुरानी परंपरा


हालांकि बिल्कुल तथ्यात्मक ढंग से यह कह पाना मुश्किल है कि महाकुंभ की शुरुआत कब हुई? अगर इसके प्रस्थान बिंदु का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है, तो वह यह है कि हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में जो समुद्र मंथन की कथा मिलती है, उसी मंथन से निकले अमृत कलश को, दैत्यों से बचाने के लिए जब देवता आकाश मार्ग से भागते हैं तो छीना-झपटी में जिन चार जगहों में अमृत की बूंदें टपक गई थीं, उन्हीं जगहों पर हर 12 साल बाद पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। ये चार जगहें हैं- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। जहां तक महाकुंभ के उल्लेख की बात है तो इसका उल्लेख कई हिंदू धर्म ग्रन्थों में मिलता है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण, रामायण और महाभारत में कुंभ का वर्णन मिलता है। इससे इतना तो तय है कि कम से कम पांच हजार सालों से तो आध्यात्म का यह मेला निरंतर आयोजित हो रहा है। लेकिन इतने साल होने के बावजूद इसका आकर्षण जरा भी फीका नहीं पड़ा। कुंभ का जादू आज भी उतना ही पुरकशिश है, जैसे जादू के बारे में हम सदियों से लोगों से सुनते आ रहे हैं। शायद इसीलिए सनातन परंपरा का यह आध्यात्मिक आख्यान जिसे हम महाकुंभ कहते हैं, चिर नूतन है।

### मेला सज गया



फिर प्रवासी पक्षियों की
आ गयी बारात
मेला सज गया।
संत साधु आ रहे हैं
दिव्य धुन में गा रहे हैं
राख पोते हुए तन पर
चित को पिघला रहे हैं
धुंध छाई है क्षितिज पर
कंपकंपाती रात
मेला सज गया।
लिए गठरी माथ, पर
अभिभूत दिखते
बोझ बेशक, चित से
अवधूत दिखते
आस्था है बलवती मन में
थिरकता प्रात
मेला सज गया।
यही है वह भूमि
जो निर्धूम यज्ञों से पगी
कल्पवासी जन शिविर में
कर रहे हैं रतजगी
भोर होते डुबकियों के बाद
थरथर गात
मेला सज गया।
पर्णकुटियों-सी सजी है
एक नव नगरी यहां
दीखती श्रद्धालुओं
की साधना गहरी यहां
अभी चूल्हे पर रखा अदहन
गमकता भात
मेला सज गया।
भर गया गंग औ जमन का
देख लो दो-आब
उमड़ आया है यहां पर
एक जन-सैलाब
इस समागम की छटा न्यारी
बाल-बच्चे वृद्ध नर-नारी
साधु-ठग सब साथ
मेला सज गया।
ना कोई न्यौता
किसी का नेह-आमंत्रण
आ रहे हैं उल्लसित हो
भक्त-जन प्रतिक्षण
विश्व का यह महा जनसंगम
पुण्य पाते सभी जड़-जंगम
आम जन हों कि हों अभिजात
मेला सज गया।
आ गयी लो! सांझ की वेला
हथेली पर दिये लेकर
जगमगा उठा समूचा लोक
मंगल कलश सर रख कर
इक चंदोवा तन गया नभ में
रोशनी का भव्य उज्ज्वल गाथ
मेला सज गया।

# कुछ लोगों को क्यों लगती है ज्यादा ठंड



**आपने** देखा होगा कि कुछ लोगों को बहुत ज्यादा ठंड लगती है। वे हर समय ठंड की शिकायत करते रहते हैं। इन्हें दूसरों की अपेक्षा बहुत ज्यादा ठंड लगती है। मौसम सामान्य होने पर या हल्की ठंड में भी ये लोग ऊनी कपड़े पहनकर, टोपी लगाकर घूमते रहते हैं। अगर ऐसा हो रहा है तो यह किसी हेल्थ कंडीशन का संकेत हो सकता है। इसकी वजह थायरॉइड या ब्लड फ्लो की कोई प्रॉब्लम हो सकती है। ऐसा ब्रेन फंक्शनिंग में गड़बड़ी के कारण भी हो सकता है। इसे लेकर किसी का मजाक बनाने की बजाय इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। अगर यह समस्या आपके या किसी करीबी के साथ हो रही है तो डॉक्टर के पास जाएं। कुछ लोगों को दूसरों की अपेक्षा ज्यादा ठंड लगती है। कई लोगों को ऐसा नेचुरली होता है। हालांकि, इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. अरविंद अग्रवाल कहते हैं कि यह किसी मेडिकल कंडीशन के कारण भी हो सकता है। अगर ठंड के साथ बॉडी पेन हो रहा है, कमजोरी बढ़ रही है और शरीर में कहीं भी सूजन हो रही है तो इसका मतलब है कि शरीर ठंड को सहन नहीं कर पा रहा है। ऐसा होने पर डॉक्टर से मिलने की जरूरत है। जब शरीर ठंड नहीं सहन कर पाता है तो ऐसे कई लक्षण दिख सकते हैं। कई बार कुछ बीमारियों के कारण भी ज्यादा ठंड लगने लगती है। ऐसे में ठंड से बचना तो जरूरी है ही, साथ ही उसकी वजह बनी बीमारी का पता लगाना और इलाज कराना भी जरूरी है। अगर किसी को बहुत ठंड लगती है तो उसका इलाज काफी हद तक इसके कारण पर निर्भर करेगा। अगर किसी को ब्लड वेसल डिसऑर्डर के कारण ज्यादा ठंड सताती है और वह स्मोक करता है तो स्मोकिंग छोड़ने पर इस समस्या से निपटने में काफी हद तक मदद मिलेगी। यदि किसी को लगातार ठंड महसूस होती रहती है तो यह थायरॉइड डिसऑर्डर के कारण भी हो सकता है। ज्यादातर यह कंडीशन हाइपोथायरॉइडिज्म के कारण बनती है। इसका मतलब है कि थायरॉइड ग्रंथि से पर्याप्त हॉर्मोन्स नहीं रिलीज हो रहे हैं। ऐसे मामले में डॉक्टर से कंसल्ट करके इसका इलाज करवाना चाहिए। कुछ लोगों को न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी के कारण भी ज्यादा ठंड लगती है। इसका पता लगाने के लिए डॉक्टर की मदद से ब्लड टेस्ट करवा सकते हैं। अगर डॉक्टर को किसी न्यूट्रिएंट की कमी लग रही है तो उसके सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दे सकते हैं या फिर खाने में उन न्यूट्रिएंट्स से भरपूर फल-सब्जियां शामिल करने की सलाह दे सकते हैं। आयरन और विटामिन क्क-12 की कमी- अगर किसी न्यूट्रिएंट की कमी से ज्यादा ठंड सता रही है तो ज्यादातर मामलों में इसकी वजह विटामिन क्क-12 की कमी या आयरन की कमी होती है। ऐसे में डॉक्टर विटीमिन क्क-12 और आयरन के सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दे सकते हैं। इनकी पूर्ति करने वाले फूड्स भोजन में शामिल करने को कह सकते हैं। अगर किसी को डायबिटीज है तो उन्हें भी दूसरों की अपेक्षा ज्यादा ठंड सताती है। ऐसे में डॉक्टर ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने और किडनी डैमेज जैसे कॉम्प्लिकेशन को मैनेज करने के लिए दवाएं दे सकते हैं। आमतौर पर हमें गर्मी लगने पर पसीना आता है। पसीने से शरीर को अपना टेम्प्रेचर ठंडा करने या सामान्य करने में मदद मिलती है। ठंड लगना और पसीना एक साथ हो रहा है तो यह किसी हेल्थ प्रॉब्लम या मेंटल प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। ऐसा ज्यादातर तब होता है, जब हमारा दिमाग फ्लाइट या फाइट मोड ऑन करता है। इसकी वजह ये कंडीशंस हो सकती है। शरीर बहुत अधिक तनाव में है। एंग्जाइटी बहुत बढ़ गई है। पैनिक अटैक हो रहे हैं। कोई अन्य इमोशन या मानसिक समस्या है। प्रेग्नेंसी के दौरान ज्यादातर महिलाओं को गर्मी महसूस होती है। खासतौर पर शुरुआती स्टेज में बहुत गर्मी लगती है और पसीना आता है। अगर किसी को ठंड लग रही है तो हो सकता है कि उसे भोजन से पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल रही है। जब कोई महिला गर्भवती होती है तो उसके शरीर को दूसरी तिमाही में रोज अतिरिक्त 340 कैलोरी और तीसरी तिमाही में रोज 450 कैलोरी की अतिरिक्त जरूरत होती है। अगर हर समय ठंड महसूस होती रहती है तो यह किसी गंभीर मेडिकल कंडीशन का संकेत हो सकता है। इसलिए अपने लक्षणों के बारे में अवेयर होना जरूरी है। यदि आपको किसी गर्म स्थान पर ठंड महसूस होती है तो इसके पीछे की वजह जानने के लिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट करें और अपना फुल बॉडी चेकअप कराएं। अगर किसी को दूसरों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है और डॉक्टर ने जांच के बाद बताया है कि इसके लिए कोई मेडिकल कंडीशन जिम्मेदार नहीं है तो उन्हें खुद को गर्म रखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर बहुत सर्दी लग रही है तो ज्यादा-से-ज्यादा लेयर वाले कपड़े पहनने चाहिए। इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि उतने ही कपड़े पहनें, जितने में सांस लेने और चलने में सहजता महसूस होती रहे। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, स्वेटर, एयर-प्रूफ जैकेट और टोपी या स्कार्फ पहन सकते हैं। ज्यादा ठंड लगने की एक वजह ये भी हो सकती है कि किसी को अंडरलाइंग डायबिटीज या हाइपोथायरॉइडिज्म जैसी हेल्थ कंडीशन है। इसका मतलब है कि आप बीमार नहीं हैं, पर बीमारी की कगार पर खड़े हैं। इसलिए बिना किसी कारण के ठंड महसूस हो रही है। ऐसे में डॉक्टर से अन्य लक्षणों के बारे में बात करके ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर ठंड के साथ बहुत अधिक थकान महसूस होती है तो यह एनीमिया, एनोरेक्सिया (ऐसा डियसऑर्डर, जिसमें वजन कम करने का जुनून चढ़ जाता है।) और न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी हेल्थ कंडीशन का संकेत हो सकता है।

# संक्रांति के लड्डू



माएं तो यही चाहती हैं, तीज-त्यौहार पर बेटियों को प्रेम-स्नेह और मान मिलता रहे, लेकिन बहू को बुरा लगे तो मां मन मार के रह ही जाएगी, लेकिन वही बहू जब बेटी के रूप में प्रेम-स्नेह से वंचित हो, तो टीस होगी ही। रिश्तों को सहेजती कहानी।

'यह क्या मां जी, सुबह-सुबह आप रसोई में क्या कर रही हैं?' अपने कमरे से निकलते ही देसी घी की खुशबू सूंघते हुए सिया ने अपनी सास दामिनी से पूछा।

'बहू.. वो... संक्रांति आने वाली है ना तो मैंने सोचा शोभा और प्राची के लिए कुछ लड्डू बना दूं, उन्हें भेजवा दूं।' सास ने बताया।

'मां जी, आपको पता है, आजकल देसी घी कितना महंगा हो गया है... वैसे भी दीदी के घर बाजार से रेवड़ियां और मूंगफली लेकर तो मिहिर हमेशा दे ही आते हैं। नई-नई रीत आप बनाएंगी तो आगे मुझसे तो नहीं निभने वाली। वार-त्यौहार तो आए दिन आते ही रहते हैं, हर रोज इस तरह कढ़ाही चढ़ाकर बैठी रहेंगी तो घर का खर्च कैसे चलेगा?' सिया मुंह बिचका कर बोली।

बहू की बात सुनकर दामिनी के हाथ वहीं के वहीं रुक गए। ऐसा लग रहा था, उनके हाथों में जान ही नहीं है। घर खर्च कैसे चलता है उन्हें भी पता था, लेकिन आज वह खुद को बहुत मजबूर समझ रही थीं। वह सोचती हैं, 'शायद ठीक ही तो बोल रही थी बहू, पति के जाने के बाद सारी जिम्मेदारी बेटा निभा रहा है। बहू को भी हक है ना हिसाब रखने का।'

दामिनी जी ने भी अपने बच्चों को काफी तकलीफों से पाला था। दो बेटियों और एक बेटे के साथ उनकी गृहस्थी चल रही थी। कमाई कम थी, लेकिन कभी अपने बच्चों का मन नहीं मारा था। उस वक्त बाहर से खाने की चीजें घर पर कम ही आती थीं, इसलिए दामिनी घर पर ही सबकी पसंद का कुछ ना कुछ बना लेती थीं। धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो रही थी। बेटा मिहिर भी अब अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी पर लग गया था। घर खर्च के साथ बचत भी होने लगी थी। बच्चों की शादी भी अच्छे से हो गई। सभी अपनी-अपनी गृहस्थी में खुश थे। कई वर्षों तक सब कुछ अच्छा चलता रहा कि तभी दामिनी के पति उनका साथ हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। उनके जाने के बाद दामिनी अब अपने बच्चों के सहारे ही अपनी जिंदगी काट रही थीं। उन्होंने कभी अपनी इच्छाओं का बोझ अपने बेटे-बहू पर नहीं डाला, लेकिन ससुर के जाने के बाद सिया की नजरों में दामिनी जी केवल घर में रखे सामान की तरह हो गई थीं, जिसे घर में जगह तो मिलती है लेकिन अधिकार नहीं।

वैसे तो दामिनी जी कुछ नहीं कहती थीं, लेकिन अपनी बेटियों की पसंद का ध्यान तो मां को रहता ही है, इसलिए वो आज अपने बच्चों के लिए लड्डू बनाने के लिए रसोई में पहुंच गई थीं। बहू की बातें सुनकर वो रसोई से निकल आईं। आंखों से आंसू तो नहीं टपके, लेकिन मन बहुत आहत था। सिया माथे पर त्यौरियां लिए रसोई में आई, देखा घी में बेसन भुन चुका था। उसने लड्डू बांधे और डब्बे में भरकर ऊपर रख दिए। चार दिन बाद ही सिया अपनी मां से बात कर रही थी, 'मां भइया कब आएंगे त्यौहार का शगुन लेकर?' सिया ने अपनी मां से पूछा।

'बेटा, तेरा भाई बोल रहा था अभी टाइम नहीं है। दो-चार दिनों में उधर जाना हुआ तो दे आऊंगा।' मां ने कहा।

'मां, पहले तुम मेवे की जो पिन्नियां बनाती थीं, इस बार वो बनाकर जरूर भेजना। बहुत दिन हो गए तुम्हारे हाथ की पिन्नी खाए।' सिया मचलते हुए बोली।

'ठीक है बेटा, देखती हूं..।' कहकर सिया की मां ने फोन रख दिया।

दो दिनों बाद सिया का भाई आया। एक थैले में कुछ सामान था, बहन को पकड़ाया बोला, 'सिया मुझे कहीं जाना है। आजकल वक्त नहीं मिलता कहीं आने-जाने का। मां बार-बार बोली तो आना पड़ा।'

'भाई, थोड़ी देर तो बैठ जाओ तुम्हारे जीजा जी आते ही होंगे ऑफिस से, उनसे मिलकर चले जाना।' सिया बोली। 'नहीं सिया, उनसे फिर कभी मिल लूंगा।' कहकर सिया का भाई चला गया।

सिया ने थैला खोलकर देखा, उसमें एक साड़ी और रेवड़ी, मूंगफली थी। पिन्नियों का डब्बा तो नहीं था, जो सिया ने अपनी मां से बनाने को कहा था। थोड़ी देर में सिया ने अपनी मां को फोन किया, 'मां तुम पिन्नियां डालना भूल गई क्या?'

'बेटी... वो मैंने कहा था तेरी भाभी से कि विनय को बोल दे पिन्नी बनाने का सामान लाने के लिए... लेकिन...।' 'लेकिन क्या मां?' सिया ने पूछा।

'वो बोली कि सारी जिंदगी क्या बेटी को देती ही रहेंगी... इतना सामान क्या, ऐसे ही आता है? पता है मेवे कितने महंगे हो गए हैं?' कहते-कहते सिया की मां का गला रूंध गया।

मां की बात सुनकर सिया के कान भी सुन्न पड़ गए। उसके दिमाग में अपनी कही बात गूंजने लगीं, जो उसने अपनी सास से कही थी, 'पता भी है देसी घी कितना महंगा हो गया है?'

सिया ने कांपते हाथों से फोन रख दिया। अगले दिन जब मिहिर अपनी बहनों शोभा और प्राची के यहां शगुन देने जा रहा था तो सिया ने दो डिब्बों में लड्डू भी भर दिए। दामिनी ने सिया की ओर देखा तो उसकी नजरें शर्मिंदगी से झुक गईं, लेकिन मुंह से शब्द नहीं निकल पाए। बस मिहिर से इतना ही कहा, 'दीदी से कहना, मां ने लड्डू भेजे हैं।' *

## केंद्र ने मांगी डीपीआर, 9 लाख आबादी को फायदा

**भोपाल (जनमार्ग न्यूज)।** राजधानी की तीन बेहद व्यस्ततम सड़कों पर तीन नए फ्लाईओवर बनाए जाने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मॉर्थ) ने डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी है। ये फ्लाईओवर बिट्टन मार्केट चौराहा, सर्वधर्म चौराहा और अशोका गार्डन के परिहार चौराहा पर बनाए जाने की योजना है। तीनों फ्लाईओवर्स पर कुल 410 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इन फ्लाईओवर के बन जाने से यहां से गुजरने वालों व आसपास रहने वाले करीब 9 लाख लोगों को फायदा होगा। भोपाल के अलावा जबलपुर और उज्जैन में तीन-तीन, खरगौन और नरसिंहपुर में एक-एक फ्लाईओवर बनाने की प्लानिंग है। इनके लिए भी पैसा मॉर्थ देगा। मॉर्थ ने ये फंड पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उपकर सेस से जुटाए हैं, जिन्हें लोगों की सुविधा पर ही खर्च किया जाएगा।

# राजकीय महिला महाविद्यालय सादुलशहर में नेक निरीक्षण टीम पहुंची, स्वागत किया

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सादुलशहर में आज 17 जनवरी को महाविद्यालय में नेक निरीक्षण टीम पहुंची। इनके महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय द्वारा उनका परम्परागत तरीके से स्वागत किया। उपस्थित टीम द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जलित किया। प्राचार्य डॉ0 पूनम दता ने बताया कि नेक निरीक्षण टीम में चेयरपर्सन संचारी राय मुखर्जी (पूर्व वी.सी दिनाजपुर विश्वविद्यालय), प्रभारी सदस्य डा. संजीव कुमार (प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय), सदस्य डा. प्रदन्यप्रभु (प्राचार्य के. जे. सोमाया कॉलेज मुंबई) पधारे। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. इरविन्द्र कौर ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना, प्रशासनिक व्यवस्था और समग्र प्रदर्शन का आकलन करना था। टीम द्वारा शैक्षणिक गतिविधियाँ, इंफ्रास्ट्रक्चर, आईसीटी (नेट) सुविधाएँ, कॉलेज प्रशासन, छात्र सहभागिता, प्रस्तावित गतिविधियों आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय में चल रहे पाठ्यक्रमों की समीक्षा की, शिक्षकों और छात्राओं के बीच शैक्षणिक संवाद की गुणवत्ता का आकलन किया, शिक्षण पद्धतियों और छात्रों की प्रगति पर चर्चा की, लाइब्रेरी, लैब्स, स्मार्ट क्लासरूम और खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता और सुविधाओं की सराहना की गई। इंटरनेट और वाईफाई की उपलब्धता और उपयोगिता का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स और अन्य डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता एवं छात्रों द्वारा उनके उपयोग पर चर्चा की गई। इंटरनेट की स्पीड, कवरेज और डिजिटल लर्निंग में इसकी प्रभावशीलता का आकलन किया गया। कॉलेज द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, व्हाट्सएप) का उपयोग छात्रों को जानकारी देने के लिए किया गया, जिसकी टीम ने सराहना की। टीम ने कॉलेज प्रशासन की पारदर्शिता और निर्णय लेने की प्रक्रिया का भी मूल्यांकन किया।




संकाय सदस्यों ने नैक टीम को अपने-अपने कार्यों से परिचित करवाया। डॉक्टर देवेंद्र शर्मा, श्री गुरमीत सिंह, डॉक्टर मनिन्द्रजीत कौर, श्रीमती मधुलिका परमार, आईकेएसयू प्रभारी डॉक्टर इरविंदर कौर और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहकर अपने-अपने कार्यों से टीम को परिचित करवाया।

नेक पीअर टीम ने छात्राओं, पूर्व छात्राओं, अभिभावको, शैक्षणिक एवं अषैक्षणिक कर्मचारियों के साथ विचार-विमर्श किया तत्पश्चात् छात्राओं से बातचीत कर उनके अनुभव, सुझाव और समस्याओं को समझा गया। छात्रों ने अपनी समस्याएँ और शैक्षणिक अनुभव टीम के साथ साझा किए। 18 जनवरी को टीम द्वारा दस्तावेजों की गहन जाँच की जाएगी। इसके पश्चात रिपोर्ट लेखन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अंत में टीम द्वारा अन्तिम बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निरीक्षण के निष्कर्ष साझा किए जाएंगे।

## महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ का धरना 21 को

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले निदेशालय महिला एवं बाल विकास कार्यालय पर 21 जनवरी को प्रस्तावित चेतावनी रैली और धरना प्रदर्शन कर सरकार को कुंभ करनी नींद से जागने का प्रयास किया जाएगा इसके लिए संस्थापक एवं संरक्षक छोटेलाल बुनकर, प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, भगवती जोशी ,रजनी छाबड़ा सरबजीत कौर, सुखजीत कौर ,अमर पाल कौर के द्वारा श्रीगंगानगर जिला सहित राजस्थान के सभी वर्करों को इस माह संग्राम में शामिल होने के लिए आवाहन किया है अखिल राजस्थान महिला एव बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक संरक्षक छोटीलाल बुनकर व प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने बताया कि विरोध प्रदर्शन 21 को ही हर हाल में आयोजित होगा इसके लिए संगठन कटिबंध है आपको बता दें कि संगठन की नियमित कर्मचारी बनाने के लिए नीति का निर्धारण कराने, चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे अनुसार कार्मिकों का 13 हजार मानदेय करने, सेवानिवृत्ति पर 3 लाख रु. नकद देने की जो वित्त विभाग की अधिसूचना रोकी है उसे लागू करने, नगर पालिका क्षेत्र विस्तार होने पर ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम साथिनों की जो सेवा समाप्त की है, उनकी सेवा शर्तों में सुधार करने सहित मांगों को लेकर 21 जनवरी को निदेशालय महिला बाल विकास कार्यालय पर विरोध किया जाएगा।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में मां भगवती जागरण का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे केश्री बांके बिहारी मंदिर में शुक्रवार रात्रि को मां भगवती के जागरण में लोक गायक कलाकार गुरु सेवक अली ने मां के दरबार में मां के भजनों पर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया कलाकार ने मां की महिमा सुना कर संगत को निहाल किया यह कार्यक्रम मदन गुंबर परिवार द्वारा नव निर्मित भवन के गृह प्रवेश मुहूर्त के अवसर पर रॉबिन गुबर एडवोकेट की बेटी नदीका के जन्मदिवस की उपलक्ष में मां भगवती का रात्रि जागरण का आयोजन किया गया



सजे मा के दरबार में पंडित दीपक शर्मा कथा वाचक ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की मां के दरबार में श्रद्धालुओं ने माथा टेका इस दौरान लोक गायक गुरसेवक अली ने मां के दरबार में भजनों की बौछार कर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया प्रातः काल मां की आरती कर संगत में प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

# अखिल राजस्थान विशेष शिक्षक संघ का प्रदेश सम्मेलन आयोजित

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** अखिल राजस्थान विशेष शिक्षक संघ का प्रदेश स?तरीय शैक्षिक अधिवेशन दिनांक 17 जनवरी 2025 को स्वामी समाज छात्रावास नजदीक मीरां चौक श्रीगंगानगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह तेनगुरिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथियों में हिमांशु आहूजा डायरेक्टर जुबिन स्पास्टिक होम एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, दिनेश कुमार सहायक परियोजना समन्वयक, जया शर्मा कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा श्रीगंगानगर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार स्वामी प्रदेश द्वारा की गई। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया तथा मोमेंटो भेंट किए गए। गजेंद्र सिंह तेनगुरिया ने दिव्यांग बच्चों के प्रति जागरूकता तथा बाल अधिकारों के बारे में बताया गया। प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार स्वामी ने विशेष शिक्षकों की प्रदेश में कमी बताते हुए तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी तथा व्याख्याता विशेष शिक्षा के पदों के सृजन करने, संदर्भ कक्ष विद्यालय में शाला दर्पण पर दिखाए गए तीनों पदों को आईएफएमएस पर दिखाने तथा उन पदों पर आ रही वेतन संबंधी समस्याओं को दूर करने, तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षकों को विद्यालयों में स्वयं के पद सृजित कर लगाने, प्लेसमेंट एजेंसी के विशेष शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन दिलाने तथा नियमितीकरण करने, महात्मा गांधी विद्यालय, स्वामी विवेकानंद विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में विशेष शिक्षकों के पद सृजित करने, पारदर्शी स्थानान्तरण नीति बनाकर विशेष शिक्षकों के स्थानांतरण करने, तृतीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी विशेष शिक्षकों की डीपीसी करने सहित बहुत सी मांगों पर चर्चा कर विशेष शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर बात की तथा सरकार से मांग की कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाये। प्रदेश महामंत्री विक्रांत अरोड़ा ने विशेष शिक्षा क्षेत्र, विशेष शिक्षक तथा विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं को शिक्षण मेंआ रही समस्याओं पर विचार रखे तथा कहा कि इन समस्याओं को राज्य सरकार को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार को अवगत कराया जाएगा। जिला महामंत्री गुरतेज सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा सदस्यों ने भाग लिया तथा अपने विचार रखे तथा विशेष शिक्षा क्षेत्र एवं शिक्षकों की समस्याओं मंथन किया। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सभी जिलों में कार्यरत विशेष शिक्षकों ने बड़ी संख्या में इस शैक्षिक सम्मेलन में भाग भाग लिया। कार्यक्रम में जुबिन संस्थान, नवचेतना संस्थान, मानसी संस्थान के पदाधिकारीगण और विशेष शिक्षकों ने भाग भी लिया। मंच संचालन जयप्रकाश रंगा ने किया। कार्यक्रम में ओम बवेजा, भागमाल सैनी, शालू सुथार, भगवान दास, राजदीप यादव, कमल नरेश दहिया, ओम चलाना, राकेश कुमार सुथार, धर्मपाल सिंह, ममता शर्मा, सुमन यादव, किरण दत्ता सहित सैकड़ो विशेष शिक्षकों ने भाग।



## रोवर स्काउट्स ने हिप्पो ए आई टूल से बच्चों को हैंड वॉश सिखाया



**श्रीगंगानगर** ।हमारे हाथों में गंदगी छुपी होती है,जो किसी वस्तु को छूने,उपयोग करने या कई तरह के दैनिक कार्यों से होती है,यह गंदगी बगैर हाथ धोए खाद्य पदार्थ तथा पेय पदार्थों के सेवन से हमारे शरीर में जाकर अनेक बीमारियों को जन्म देती हैं।इसी मुद्दे को लेकर दुर्गा माता मंदिर पार्क, अनूपगढ़ में रोवर स्काउट बिरजू कुमार ने बच्चों को हाथ धोने के सभी चरण व हिप्पो ए आई टूल द्वारा हैंड वॉश की खेल गतिविधि, रंगभरो गतिविधि का आयोजन करवा बताया गया। हैंड वाश का यह आयोजन भारत स्काउट गाइड्स के तत्वावधान में बच्चों में हाथ धोने की अच्छी आदतों को विकसित करने के लिए पार्क में हुआ। गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में स्वच्छ व स्वस्थ आदतों के निर्माण के लिए आनंदमई गतिविधियों के माध्यम से सही रूप से हाथ धोने का था। सचिव राजाराम डाल ने बताया कि इन गतिविधियों से बच्चों को हाथ धोने से होने वाले फायदे व बीमारी से बचने की जानकारी मिलती है।हाथ धोने से बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है साबुन से 30 सैकंड तक हाथ धोएं।

# नशा मुक्त युवा कबड्डी टूर्नामेंट और खालसा स्कूल में काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन

**दौलतपुरा।** नशा मुक्त गंगानगर अभियान~ दौलतपुरा में युवा कबड्डी टूर्नामेंट और खालसा स्कूल में काउंसलिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन श्रीगंगानगरः नशा मुक्त गंगानगर अभियान - ऑपरेशन सीमा के तहत दौलतपुरा और खालसा स्कूल में प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दौलतपुरा में नशा मुक्त युवा कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने नशा मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वहीं, खालसा स्कूल में काउंसलिंग वर्कशॉप के माध्यम से नशे से बचने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के महत्व को समझाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक डीआईजी श्री गौरव यादव कर रहे हैं। दौलतपुरा में आयोजित इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक युवा टीमों ने भाग लिया। खेल के माध्यम से नशा मुक्त जीवन के संदेश को प्रसारित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी ने इन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा~नशा सिर्फ एक व्यक्ति का नुकसान नहीं करता, यह पूरे परिवार और समाज को तोड़ता है। खेल और शिक्षा के माध्यम से हम युवाओं को नशे से दूर कर सकते हैं। खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मकता सिखाता है। जो युवा खेल को अपनाते हैं, उनके जीवन में नशे के लिए कोई जगह नहीं होती। टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। और खालसा स्कूल में काउंसलिंग वर्कशॉप आयोजित कर ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वर्कशॉप में प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई नशे की शुरुआत के कारण और इसके प्रभाव।नशे से बाहर निकलने के उपाय और उपलब्ध सहायता। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के तरीके। नशा जीवन को समाप्त कर सकता है, लेकिन सही मार्गदर्शन और प्रयास से हम इसे हराकर नई शुरुआत कर सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं ने इसे जीवन को नई दिशा देने वाला अनुभव बताया। खालसा स्कूल प्रिंसिपल बलदेव सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों की आवश्यकता हर गांव और स्कूल में है। आज के युवाओं को ऐसे प्रेरक कार्यक्रमों की बहुत जरूरत है। ये उन्हें नशे से बचाने और सही मार्ग पर चलने में मदद करते हैं। विक्रम ज्याणी ने बताया की ऑपरेशन सीमा÷ के तहत यह पहल पूरे जिले में जागरूकता फैलाने के लिए की जा रही है।



## गुरुग्राम में पटौदी हाउस की बढ़ाई सुरक्षा

### मुंबई में सैफ अली खान पर हमला, बाहरी लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध



जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकुओं से हुए हमले के बाद गुरुग्राम स्थित सैफ अली खान के घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। यहां स्थित पटौदी हाउस में भीतरी सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। बता दें कि, देर रात करीब दो बजे मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान पर एक हमलावर ने उनके घर में घुसकर चाकू से 6 बार वार किया। इस घटना के बाद उन्हें तत्काल लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना के मद्देनजर हरियाणा के गुरुग्राम जिले में स्थित पटौदी पैलेस की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। गुरुग्राम पुलिस ने पटौदी पैलेस में लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सैफ अली खान अक्सर अपने परिवार के साथ पटौदी पैलेस आते रहते हैं और कुछ समय पहले ही वे यहां अपने परिवार के साथ मौजूद थे। पटौदी के स्थानीय लोगों का सैफ अली खान से विशेष लगाव है।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** कस्बे के निजी शिक्षण संस्थानों की समस्याओं को लेकर एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अमिता बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पत्र में आरटीई भुगतान, भौतिक सत्यापन सहित अन्य मुद्दों के समाधान की मांग की है। निजी शिक्षण संघ अध्यक्ष भागीरथ सेन ने बताया कि निजी शिक्षण संस्थाओं के आरटीई के भुगतान के आदेश राज्य सरकार द्वारा कर दिए गए हैं।जिसमें सत्र 2022-23 एवं 2023-24 का भुगतान ईसीएस के अंतर्गत वित्त विभाग में रुका हुआ है।लगभग 3 माह पूर्व ट्रेजरी कार्यालय द्वारा जयपुर वित्त विभाग में बिल प्रेषित कर दिया गया है।निजी शिक्षण संस्थाओं की दयनीय आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ऋ्ञश्च का भुगतान तुरंत करवाने की मांग की है।इसके साथ ही भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को जल्द से जल्द वेरीफाई करवाने की मांग की,जिससे सत्र 2024-25 का भुगतान समय पर हो सके।एसोसिएशन ने एलिमेंट्री व माध्यमिक कार्यालय में बजट आने के तुरंत बाद बिल बनाए जाने की मांग की।जिससे भुगतान होने में देरी से बचा जा सके।वहीं इंदिरा शक्ति एवं मुख्यमंत्री योजनाओं के अंतर्गत पढ़ रहे बच्चों की फीस का भी भुगतान कर समस्या का निष्पादन करवाने व नवीन मान्यता व भवन परिवर्तन के संबंध में पूर्व की भांति नियमों में शिथिलता की मांग की है।एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से उक्त समस्याओं के निराकरण की मांग की है,जिससे निजी शिक्षण संस्थानों को इन समस्याओं से राहत मिल सके।इस मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एसआरएस के भागीरथ सैन,कृष्ण भादू, राजविंदर शर्मा,परमजीत सिंह, मदन लाल शर्मा,मनोज स्वामी, संजय पेंसिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## राजकीय विद्यालय 61 एफ में बच्चों को जूते और जुराबें वितरित की

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** इस युग में गरीब असहाय लोगों की मदद करने वालों की कोई कमी नहीं है लेकिन मदद करने की इच्छा प्रबल होनी चाहिए इसी इच्छा को सार्थक करने का कार्य जस्ट हुमनटी के द्वारा किया जा रहा है आपको बता दें कि इस कमेटी के द्वारा 200 से अधिक राजकीय विद्यालयों के बच्चों को बैग कॉपी किताबें जूते और जुराबे वितरण का कार्य लगभग पूरा कर चुकी है इसका उद्देश्य ऊंचाइयों और बुलंदियों को छूने का है वही इस कमेटी के द्वारा समय-समय पर इंसान एवं बच्चों की सहायता करने में आगे रही है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जस्ट हुमनटी के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 61 एफ के विद्यार्थियों को जूते और जुराबे वितरित की गई सरपंच सुरजीत सिंह ने जस्ट ह्यूमैनिटी की तारीफ करते हुए कहा कि इस विद्यालय के छोटे बच्चों को जूते और जुराबे वितरित कर महान कार्य किया है विद्यालय के प्रधानाचार्य जगबीर सिंह ने कहा कि जस्ट हुमनटी के द्वारा नेक कार्य किया जा रहा है बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए उन्हें इस समय पड़ रही भयंकर ठंड एवं कांपती सर्दी से बचाने के लिए उनके पांव में जूते और जुराबे पहनाकर महान कार्य किया है जस्ट हुमनटी के सदस्य जगदीप सिंह ने कहा कि गरीब बच्चों की मदद करना ही उनका मुख्य कार्य है इस कमेटी के सदस्यों ने कहा कि जस्ट हुमनटी के दरवाजे गरीब व अनाथ बच्चों के लिए हमेशा खुले हैं और खुले रहेंगे कभी भी वे इस कमेटी से मदद की गुहार कर सकते हैं वही विद्यालय के बच्चे जरूरत का सामान पाकर खुशी से झूम उठे इस अवसर सरपंच सुरजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लखपत राम, प्रधानाचार्य जगवीर सिंह, व्याख्याता मिट्ठू नाथ, वरिष्ठ अध्यापक केवल कृष्ण नड्डा, गोबिंद प्रसाद, अध्यापिका ममता, अध्यापिका वीरपाल कौर , अध्यापक लेवल टू सुरेन्द्र पाल,देव राज ,अध्यापक लेवल वन राकेश कुमार ,अशोक कुमार, सहित विद्यालय स्टाफ एवं समिति के संरक्षक एवं संस्थापक जगदीप सिंह निर्देशक सुरेंद्र राजपूत ,सुवेग सिंह गिल , गुरविंदर सिंह , मनप्रीत सिंह , जसदीप सिंह मौजूद रहे।



# श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन के निकट गांव झाम्बर में गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब प्रबन्ध कमेटी झाम्बर द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया, नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब से रवाना होकर झाम्बर के प्रत्येक गलियों व नजदीक की ढानिया से होता हुआ वापस शाम को श्री गुरुतेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में पहुंचा,नगर कीर्तन के दौरान जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर व गर्म चाय, जलेबी एवं ब्रेड पकोड़ों के लंगर से नगर कीर्तन का स्वागत किया । इस नगर कीर्तन में कविश्री जत्था भाई तरसेम सिंह खेतला धर्म प्रचार कमेटी, कथावाचक भाई हरजिंदर सिंह हजूरी कथावाचक व इंटरनेशनल दशमेश गतका एकैडमी, तख्त श्री दमदमा साहिब,तलवंडी साबो बठिंडा से पहुंचे, नगर कीर्तन में गुरुद्वारा सुखा सिंह मेहताब सिंह के मुख्य सेवादार बाबा जग्गा सिंह विशेष रूप से पहुंचकर सांगतो के दर्शन किये ।गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब प्रबंध कमेटी के प्रधान गुरतेज सिंह व बलविंद्र सिंह ने बताया गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी द्वारा तीसरा महान नगर कीर्तन निकाला गया ।दशम पातशाही श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर सहज पाठ रखे गए जिनका कल भोग डाला जाएंगा,तदुपरान्त खुले दिवान सजाये जायेगे, जिसमें रागी ढाडी, कविश्री जत्था, कथावाचक पहुंचकर गुरु के इतिहास का वर्णन करेंगे। नगर कीर्तन में समूह साध संगत झाम्बर एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सेवादार उपस्थित थे । सहज पाठ के बाद गुरु का अटूट लंगर वितरण किया जाएगा।

## गोधरा-ट्रेन अग्निकांड में 13 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**गोधरा ( जनमार्ग न्यूज )।** सुप्रीम कोर्ट गुजरात के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में आगामी 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि इस मामले में गुजरात सरकार ने याचिका लगाई थी। 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने से 59 लोग मारे गए थे, जिसके बाद राज्य में दंगे भड़क गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों की तरफ से दायर अपीलों पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। वहीं इस मामले में जस्टिस जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई की तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। गोधरा कांड के बाद चले मुकदमों में करीब 9 साल बाद 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। 2011 में स्धुज्ञ कोर्ट ने 11 दोषियों को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में अक्टूबर 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को भी उम्रकैद में बदल दिया था। दरअसल, गुजरात उच्च न्यायालय के अक्तूबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई अपीलें दायर की गई हैं, जिसमें कई दोषियों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया था और 11 लोगों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था।

# स्तन कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता हनुमानगढ़ द्वारा मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत न्यू सिविल लाईन्स, सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्तन कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती अदिति अरौड़ा सहायक लेखाधिकारी द्वितीय द्वारा की गई । श्रीमती अदिति अरोड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित संभागीय को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्सहान योजना के तहत महिलाओं को लोन वितरित किये जाते है, विभाग द्वारा लोन पर 25 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत राशि की सब्सीडी महिलाओं को प्रदान की जाती है। आगे ब?ते हुए श्रीमती अदिति ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक महिला थानो में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का आयोजन किया जा रहा है जहां पीडित महिलाओं की सहायता की जाती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जेंडर भेद को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री प्रवेश कुमार सोलंकी उपनिदेशक, मबावि हनुमानगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित संभागियों को संबोधित करते बताया कि राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत वित्तीय प्रबंधन, सर्वाइकल कैंसर, साईबर अपराध, करियर काउन्सलिंग, उद्यम प्रोत्साहन आदि विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जावेगा। आगे बढ़ते हुए श्री सोलंकी द्वारा संभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि उड़ान योजना के तहत जिले में 10 वर्ष 45 वर्ष की बालिकाओं एवं महिलाओं को सैनेटरी पैड का वितरण किया जा रहा है, शिक्षा सेतु योजना से महिलाओं को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है, उद्यम प्रोत्साहन योनजा के तहत महिलाओं को ऋण प्रदान कर उनको शशक्त किया जा रहा है, वन स्टॉप सेन्टर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र जैसी योजनाओं से पीड़ित महिला की मदद की जा रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. प्रेम कुमार, कैंसर स्पेस्लिस्ट, जिला हनुमानगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित संभागियों को महिलाओं में स्तर कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर जैसी घातक बिमारियों के बारे में बताया। प्रतिभागियों द्वारा डॉ. प्रेम कुमार जी से कैंसर संबंधित अनेको प्रश्न किये एवं अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। डॉ. प्रेम जी द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर दिया एवं विभन्न भ्रांतियों को दूर किया। श्रीमती कमलजीत कौर, महिला पर्यवेक्षक, टीना डोडा, महिला पर्यवेक्षक द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मातृत्व पोषण योजना, पोषण अभियान के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में श्रीमती निशा कामरा, सहायक प्रोग्रामर, सुश्री श्रुतिका डागला, सुपरवाइजर , श्री सुनील स्वामी, जैण्डर स्पेस्लिस्टि, श्रीमती रीटा शर्मा, काउन्सलर, श्रीमती सुमन काउन्सलर, मुकेश मुण्ड, मुकेश, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता] आशा सहयोगिन एवं ग्राम साथिन उपस्थित रहें।

# राजकोट टीआरपी गेमजोन अग्निकांड में ईडी की एंट्री : राजकोट सेंट्रल जेल में पहुंची की टीम

जनमार्ग न्यूज

**राजकोट।** राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड की भयावह त्रासदी के बाद राजकोट मनपा के तत्कालीन टीपीओ मनसुख सागठीया सहित नगर निगम के आठ कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की गई थी। इस बीच सागाठीया के पास आय से अधिक संपत्ति पाए जाने के बाद एसीबी में एक अलग मामला दर्ज किया गया था। एसीबी की जांच पूरी होते ही सागठिया के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की एंट्री से हड़कंप मच गया है और मनसुख सागठिया से राजकोट सेंट्रल जेल में ईडी की टीम पूछताछ कर रही है जो कि 15 दिन से राजकोट में है। इस मामले के प्रकाश में आने पर चर्चा है कि न केवल ईडी पूरे मामले की जांच करने की ओर झुक रही है, बल्कि प्रशासकों से लेकर सत्ता में बैठे कई राजनेताओं के भी कड़ाके की ठंड में पसीने छूट रहे हैं और कईयों की नींद उड़ी हुई है। राजकोट के नाना मवा रोड स्थित टीआरपी गेम जोन में 25 मई 2024 को हुई आग दुर्घटना में बच्चों और महिलाओं सहित कुल 27 निर्दोष लोग जिंदा जल गए थे। जिंदा जलाए जा रहे लोगों की चीख-पुकार ने न केवल राजकोट को बल्कि पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया और पूरा गुजरात सदमे में था। हाईकोर्ट ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया, जबकि राज्य सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस सुभाष त्रिवेदी के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की।

## अंगीठी के धुंए से दंपती की मौत

जनमार्ग न्यूज

**टिहरी।** कमरे में सो रहे दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। मामला उत्तराखंड के टिहरी जिले के घनसाली का है जहां शादी समारोह में शामिल होने आए दंपत्ति कमरे में आग सेंकने की अंगीठी ले गए। अंदर से कैमरा बंद होने के कारण पूरे कमरे में धुआं फैल गया। जिस कारण रात के वक्त दम घुटने के बाद दोनों की मौत हो गई। सुबह जब बेटा दोनों को जगाने गया कमरे से कोई आवाज नहीं आई।

# मुलजिमान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीवाईएफआई ने सौंपा ज्ञापन




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** बहलोलनगर के निवासियों ने शुक्रवार को डीवाईएफआई के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एफ.आई.आर. संख्या 0011/2025, जो पुलिस थाना सदर हनुमानगढ़ में दर्ज है, के तहत नामजद मुलजिमान विनोद पुत्र तेजा सिंह और विक्रम पुत्र रामलाल (निवासी 44 एस.एस.डब्ल्यू.) की गिरफ्तारी की मांग की गई। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि उक्त एफ.आई.आर. के अनुसंधान अधिकारी द्वारा उनके बयान दर्ज किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी मुलजिमान के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि वर्तमान अनुसंधान अधिकारी मुलजिमान के दबाव में काम कर रहा है और मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अनुसंधान अधिकारी सभी तथ्यों से भली-भांति अवगत है, लेकिन फिर भी वह जानबूझकर मुलजिमान को अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस थाने में बार-बार संपर्क किया, लेकिन अधिकारी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

डीवाईएफआई के सदस्यों ने जिला पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया कि वर्तमान जांच अधिकारी को आदेशित किया जाए कि वह निष्पक्षता से काम करें और मुलजिमान की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने की मांग को लेकर डीवाईएफआई ने स्थानीय निवासियों का भी समर्थन प्राप्त किया है।

इस मोके पर डीवाईएफआई जिला उपाध्यक्ष वेद मक्कासर के नेतृत्व में प्रह्लाद, रतिराम, धर्मचंद, जगराम, गोपीराम, विनोद, जसविंदर सिंह, विनोद सारसर, सुरेश जोड़किया, रतिराम गोदारा, धर्मपाल गोदारा, जगराम, गोपीराम, मंगा सिंह, संदीप जाखड़, इकबाल व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# विप्र फाउंडेशन ने किया नवनियुक्त सेवादल जिला अध्यक्ष का स्वागत किया

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय खंडेलवाल, संरक्षक रमेश पंचारिया, संदीप पंचारिया, सूर्य प्रकाश जोशी ने आज हनुमानगढ़ पधार कर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ की ओर से कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक, सेवादल उपाध्यक्ष अनिल तिवाड़ी, सेवादल महासचिव महेंद्र चतुर्वेदी का विप्र पट्टिका पहना कर स्वागत किया। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने कहा कि विप्र समाज के लिए यह ये गौरव की बात है कि अश्विनी पारिक पूर्व में विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा बाद में हनुमानगढ़ जिले के विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पद पर रह चुके है और अब उन्हें कांग्रेस पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है जो कि विप्र समाज के लिए गौरव की बात है। संरक्षक रमेश पंचारिया ने कहा कि अश्विनी पारिक के द्वारा पूर्व में अध्यक्ष रहते हुए विप्र समाज के सभी विभूतियों को सम्मानित करते रहे है आज उनको सम्मानित करना बहुत हर्ष का विषय है विप्र समाज सभी को साथ लेकर चलता है और अश्विनी पारीक इस काम को बखूबी करेंगे। अश्विनी पारीक ने कहा कि मेरे लिए यह गौरव की बात है विप्र फाउंडेशन ने उन्हें यह सम्मान दिया क्योंकि विप्र फाउंडेशन उन्नत समाज समर्थ राष्ट्र पर काम करता है और राष्ट्रीय एकता सामाजिक समरसता, स्वजातीय गतिशीलता के पथ पर चलता है।

## चारधाम यात्रा के लिए गठित होगा प्राधिकरणपर्यटन मंत्री ने कहा सभी तैयारी पूरी;गठन से पहले तीर्थ पुरोहितों से ली जाएगी राय

**देहरादून( जनमार्ग न्यूज )।** 2025 में चार धाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा प्राधिकरण बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर यात्रा प्राधिकरण को लेकर तैयारियां तेज की जा रही हैं।इसके लेकर तीर्थ पुरोहितों के साथ प्रमुख सचिव आनंद बर्धन की मीटिंग हो चुकी है। इसके अलावा पर्यटन सचिव सचिव कर्वे भी कई दौर की मीटिंग कर चुके हैं। संभावना है कि 30 जनवरी तक प्राधिकरण का प्रारूप बनकर तैयार हो जाएगा। दरअसल,उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के दौरान हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। खासकर मई और जून के महीने में यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा होती है। उस दौरान यात्रा प्रबंधन में काफी तरह की समस्याएं सामने आती हैं। यात्रियों को रजिस्ट्रेशन करने से लेकर धामों में दर्शन करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# बिलासपुर में 2 गाड़ियों की टक्कर : ट्रक ड्राइवर की मौत, टिप्पर सवार हुआ घायल

जनमार्ग न्यूज

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नौणी के पास बीती रात को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक और टिप्पर के बीच जोरदार टक्कर में ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में टिप्पर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ड्राइवर को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मृतक की पहचान गगन ठाकुर (31) निवासी खारसी बिलासपुर के रूप में हुई है, जबकि घायल टिप्पर ड्राइवर देसराज गांव गतेड़ अर्की सोलन का रहने वाला है। यह हादसा शुक्रवार रात एक बजे के करीब हुआ है। सूचना के अनुसार, ट्रक बिलासपुर से कीरतपुर की ओर जा रहा था, जबकि टिप्पर दाखलाघाट साइड जा रहा था। इस दौरान नौणी के पास दोनों में जोरदार टक्कर हो गई है। इससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे वाहन ड्राइवरों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से घायल टिप्पर ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने मृतक ट्रक ड्राइवर के शव को कब्जे में ले लिया और शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। प्रारंभिक जांच में तेज गति को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



# पटवार संघ का अनिश्चितकालीन पड़ाव पांचवें दिन भी जारी

जनमार्ग न्यूज




**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। संघ के सदस्यों ने जिला कलेक्ट्री के समक्ष धरना देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। पटवार संघ की प्रमुख मांगों में वेतन विसंगतियों का समाधान, पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता, पटवार मंडलों के पुनर्गठन, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता और कार्य के दायरे में सुधार शामिल हैं। संघ ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी मांगों को लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है, जिससे पटवारियों को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धरने पर बैठे संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया व तहसील अध्यक्ष अनिल सहु ने घोषणा की कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसी के तहत 20 जनवरी को राजस्थान भर के जिला मुख्यालयों पर विशाल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। रैलियों के माध्यम से संघ अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। उन्होने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल पटवारियों के लिए नहीं बल्कि आम जनता के हितों से भी जुड़ा हुआ है, क्योंकि पटवारियों की समस्याएं सीधे जनता की सेवा में बाधा बनती हैं। धरने में संघ के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए और सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस मोके पर शैलेन्द्र, करणवीर, महावीर, ज्योति, अमनदीप,आकाश, रामकिशोर, विक्रम, गगनदीप सहित अन्य पटवारी शामिल थे।

# स्टेट बैंक में आधे घंटे तक खून-खराबा

## चाकू-तमंचा लेकर बैंक लूटने पहुंचा, घुसते ही गार्ड को मारा चाकू, मैनेजर समेत तीन घायल







जनमार्ग न्यूज

**कानपुर।** कानपुर में स्टेट बैंक के कर्मचारी लुटेरे से भिड़ गए। चाकू लगने के बाद भी पीछे नहीं हटे, उन्होंने लुटेरे को पकड़कर रस्सी से बांध दिया। शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे लुटेरा हथियार से लैस होकर बैंक में घुसा। गार्ड ने रोका तो उसे दो बार चाकू मारे। यह देख बैंक में मौजूद मैनेजर, कैशियर और महिला कर्मचारी चिल्लाने लगे। लुटेरे ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। बदमाश ने तीनों पर भी हमला कर दिया। लुटेरा करीब 30 मिनट तक बैंक खून खराबा करता रहा। लेकिन बैंक कर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी, उसे घेर लिया। फिर उस पर टूट पड़े। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हमले में गार्ड, मैनेजर और कैशियर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। मामला घाटमपुर के पतारा कस्बा का है।

**कट्टा देख गार्ड ने रोका तो हमला किया:** बैंक मैनेजर बीरेंद्र कुमार ने बताया- साढ़े 10 बजे का समय था। मैं कैशियर प्राणनाथ शुक्ला और महिला सहायक सपना कुमारी अंदर पहुंचकर अपना काम शुरू कर रहे थे। तब तक बैंक में कोई ग्राहक नहीं आया था। बैंक के सिक्योरिटी गार्ड सुनील कुमार गेट पर ही खड़े थे, तभी एक युवक हाथ में देसी कट्टा लेकर अंदर घुसा। गार्ड ने जैसे ही उसके पास कट्टा देखा तो रोकने का प्रयास किया। शोर मचाया, तब तक हम लोग मौके पर पहुंच गए। इस बीच युवक ने चाकू निकाल लिया था और गार्ड पर हमला कर रहा था।

**चाकू से घायल बैंक मैनेजर बीरेंद्र कुमार:** यह देखकर हम लोगों ने उसे दबोचने का प्रयास किया तो उसने हमारे और कैशियर पर भी चाकू से हमला कर दिया। बदमाश इतना आक्रामक था कि जो सामने आता उसके चेहरे पर चाकू से वार कर रहा था। देखते ही देखते उसने गार्ड के चेहरे पर दो से तीन बार चाकू मार दिया। मैंने उसे पीछे से पकड़ने की कोशिश की तो मेरे ऊपर भी वार कर दिया। हमारे कैशियर को भी घायल किया। एक बार तो हम लोग बहुत घबरा गए ऐसा लगा कि ये लूट कर लेगा। लेकिन हम लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और उसे मिलकर घेर लिया फिर उस पर टूट पड़े। इसी बीच बैंक में बाहर से भी कुछ लोग आ गए तो हम लोगों की हिम्मत और बंध गई। पहले हमने उसकी चाकू और तमंचा छीना, इसके बाद युवक को पकड़कर रस्सी से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी। इस तरह से युवक और हम लोगों के बीच लगभग 25-30 मिनट तक संघर्ष चलता रहा।

**घायल सिक्योरिटी गार्ड सुनील कुमार**

गार्ड के बाद सबसे पहले लुटेरे पर टूटने वाले कैशियर प्राणनाथ शुक्ला का कहना है कि जैसे ही हम बैंक में काम करने के लिए अपने केबिन में जाने वाले थे। तो बाहर गार्ड से बहस की आवाज सुनी। गार्ड बहुत तेज से चिल्लाया तो मैं भी वहां पहुंच गया। देखते ही देखते ये लुटेरा गार्ड को चाकू मारकर बैंक के अंदर घुस आया। हम लोग एकदम से दहशत में आ गए। लेकिन हौंसला नहीं छोड़ा हमें लगा अगर हम लोग जरा भी कमजोर पड़े तो ये बैंक लूटकर फरार हो जाएगा। जब जब वो चाकू से वार करता हम लोग बचकर उसे पकड़ने की कोशिश करते। अगर बदमाशों की संख्या इससे ज्यादा होती तो हम भी उन्हें रोक नहीं पाते। लेकिन एक बदमाश होने के कारण हम सब ने मिलकर उसे पकड़ लिया।

**लड़की ने होशियारी से बजाया हूटर**

बैंक में मौजूद एक महिला सहायक सपना कुमारी ने उस परिस्थिति को देखकर बहुत समझदारी से काम लिया। जब मैनेजर, कैशियर और गार्ड बदमाश से भिड़े हुए थे और चाकुओं के वार से चारों तरफ खून ही खून दिखाई दे रहा था। तब उसने बैंक का हूटर बजा दिया। बैंक का हूटर सुनते ही आस पास के लोग बैंक के अंदर भागकर पहुंच गए। इसीदौरान महिला कर्मचारी ने पुलिस को भी फोन कर दिया, आधे घंटे के अंदर पुलिस आ गई।

**पकड़े जाने के बाद फर्श पर लेटा लुटेरा युवक:** सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है युवक को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ की जा रही है। लेकिन अचानक सुबह-सुबह हुए हमले से बैंककर्मी दहशत में हैं। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में सिक्योरिटी गार्ड को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। बैंक मैनेजर और कैशियर कानपुर के निजी अस्पताल गए है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। लुटेरे को पुलिस अभिरक्षा में घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया है।

**डीसीपी क्राइम ने पहुंचकर जुटाई जानकारी:** घटना की सूचना मिलते कानपुर डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी महेश कुमार पाण्डेय, घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह समेत सर्किल फोर्स के साथ पहुंचे उन्होंने बैंक कर्मियों से घटना की जानकारी जुटाने के साथ फोरेंसिक टीम को जांच के लिए घटनास्थल पर बुलाया है। फॉरेंसिक टीम ने बैंक में जांच पड़ताल कर एक देशी तमंचा 315 बोर, चाकू, दो धारदार ब्लेड बरामद हुए है।

**गंभीर रूप से घायल है लुटेरा**

हथियार लेकर बैंक लूटने के इरादे से घुसे युवक को बैंक कर्मियों ने पकड़ लिया है। हालाकि हाथपाई ने लुटेरा गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर लुटेरे को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है। हालाकि लुटेरे को पुलिस अभिरक्षा में जिलास्पताल ले जाया गया है। अभी तक लुटेरे की पहचान नहीं हो पाई है।

# नीतीश पलटू चाचा तो घोलटू भतीजा हैं तेजस्वी : आनंद मोहन

## छपरा में बोले-अकलोल-बकलोल बेटों को सत्ता और राजनीतिक शक्ति के बल पर थोपना ही असली परिवारवाद

जनमार्ग न्यूज



**छपरा।** छपरा में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद आनंद मोहन ने विपक्ष और राजद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहते हैं, तो आप खुद घोलटू भतीजा हैं, जो बार-बार सत्ता के लिए घुलटकर चले जाते हैं। आगे आनंद मोहन ने कहा कि नीतीश कुमार तो राजद के यहां अर्जी देने नहीं गए हैं, बल्कि महागठबंधन के शीर्ष नेता ही उन्हें बुला रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश से पुकार लगा रहे हैं कि नीतीश कुमार समाजवादी हैं और उन्हें आना चाहिए।

**सदन में ठाकुरों को किया जा रहा टारगेट:** चेतन आनंद की राज्यसभा सदस्यता समाप्त होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वे कोई व्यापारी नहीं हैं जो घाटा-मुनाफा देखकर राजनीति करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में ठाकुरों को टारगेट किया जा रहा था और चेतन आनंद का विरोध वाजिब था। परिवारवाद पर बोलते हुए आनंद मोहन ने कहा कि अकलोल-बकलोल बेटों को सत्ता और राजनीतिक शक्ति के बल पर थोपना ही असली परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति लाठी, गोली, जेल और फांसी का सामना करते हुए आगे बढ़ता है और अपनी विरासत खुद बनाता है, वह परिवारवाद नहीं बल्कि संघर्षवाद है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवारवाद, व्यक्तिवाद और तानाशाही लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं हैं।

# प्रेम-प्रसंग से नाराज पिता ने बेटी को मार डाला : मोतिहारी में मर्डर के बाद नहर में फेंका शव

जनमार्ग न्यूज



**मोतिहारी।** मोतिहारी के कोटवा थाना क्षेत्र में एक और ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। जहां तिरहुत कनाल नहर के पास से 11 जनवरी को एक 20 वर्षीय युवती का शव मिला था। जिसकी पहचान रोशनी कुमारी के रूप में की गई थी। जांच के दौरान पता चला की उसकी हत्या कर शव को नहर किनारे फेंका गया था। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि उसकी हत्या उसके अपने ही माता-पिता ने की है। जांच में पता चला कि रोशनी का दूसरी जाति के एक युवक से प्रेम संबंध था। शादीशुदा होने के बावजूद वह बार-बार अपने प्रेमी के साथ घर से भाग जाती थी। इससे नाराज होकर उसके माता-पिता और कुछ अन्य लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को तिरहुत कनाल में फेंक दिया। पुलिस ने मृतका के पिता विनोद प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मां समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस के मुताबिक यह स्पष्ट रूप से ऑनर किलिंग का मामला है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अन्य साक्ष्य जुटाने में जुटी है और जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# आरक्षकों ने गांजा बेचकर खरीदे घर और कार-बाइक

जनमार्ग न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में गांजे का कारोबार करने वाले जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के 3 बर्खास्त आरक्षकों की डेढ़करोड़ की संपत्ति को पुलिस ने फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के बाद जब्त किया है। इनके नाम पर लग्जरी मकान, कार और महंगी बाइक मिले हैं। पुलिस ने इनकी संपत्ति जब्त कर केस को मुंबई सफेमा कोर्ट भेजा है।

एसपी रजनेश सिंह ने शुक्रवार की शाम बिलासागुड़ी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरक्षकों की संपत्ति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, जीआरपी में पदस्थ लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, मन्नू प्रजापति और सौरभ नागवंशी गांजे का कारोबार करते थे। चारों अभी जेल में बंद है।

**20 किलो मिला था गांजा**

23 अक्टूबर को उनके साथी योगेश सोंधिया और रोहित द्विवेदी से 20 किलो गांजा जब्त किया था। दोनों के खिलाफ जीआरपी थाने में केस दर्ज किया गया। जांच में पाया गया कि, चारों आरक्षक अवैध कारोबार में शामिल है। वे ट्रेन में गांजा पकड़कर अपने सहयोगी योगेश उर्फ गुड्डु सोंधिया और श्यामधर उर्फ छोटू चौधरी को देते थे।

दोनों ट्रेन में ही पहले से बुलाए गए लोगों को गांजे की सप्लाई करते थे। जांच के बाद उनके खिलाफ चालान एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया गया है। फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन में उनके खिलाफ जांच के बाद जमीन, मकान और महंगी गाड़ियां मिली हैं। इसे जब्त कर सीज करने सफेमा कोर्ट मुंबई को प्रकरण भेजा गया है।

**कई यूपीआई अकाउंट से डायरेक्ट लेनदेन मिला**

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि, आरक्षकों ने सीधे खातों में पैसे लेने के साथ ही यूपीआई से भी रुपए लिए हैं। आरक्षकों ने अपने और घर परिवार वालों के नाम से कई यूपीआई अकाउंट बना रखे थे। सभी यूपीआई नंबर पर सीधे लाखों रुपए का लेनदेन करते थे।

# पति ने पत्नी को खिलाया सल्फास, खुद खा लिया

## दरभंगा में युवती की मौत, 6 माह पहले की थी लव मैरिज; मां बोली- सास-ससुर मारपीट करते थे

**दरभंगा ( जनमार्ग न्यूज )।** दरभंगा में शादी के महज छह महीने बाद विवाहित जोड़े ने लड़ने झगड़ने के बाद जहर खा लिया। पत्नी की शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि पति की हालत गंभीर है। घटना घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के तुमौल की है। परिजन ने बताया कि सास-ससुर मिलकर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार की दोपहर बाद बेटी से उसके सास-ससुर ने मारपीट और गाली-गलौज की थी। इसी बीच पति अपनी पत्नी को खींचकर ले गया। पहले उसे सल्फास खिलाया फिर खुद खा लिया। मृतकों की पहचान घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के तूमौल निवासी ललन सिंह के बेटे गौरी शंकर सिंह (25) और उसकी पत्नी पूजा कुमारी (20) के रूप में हुई है। बड़ी ननद दुर्गा कुमारी शादीशुदा है और अपने चाचा के गुजर जाने की सूचना पर मायके आई थी। उसने बताया कि छह महीना पहले दोनों की शादी हुई थी। भाई मुंबई में काम करता है और हाल ही में घर आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ और दोनों ने सल्फास की गोली खा ली। आनन-फानन में दोनों को घनश्यामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर थी तो डीएमसीएच रेफर कर दिया। डीएमसीएच में इलाज के दौरान भाभी की मौत हो गई।



बहन बोली- सास-ससुर कर रहे थे मारपीट

मीडिया को मृतक पूजा की छोटी बहन चांदनी कुमारी ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके बहनोई के चाचा का देहांत हो गया था। मां सुजीता देवी और बहन चांदनी कुमारी ने आरोप लगाया कि शादी में सब कुछ दिया गया था, लेकिन उसके बावजूद भी सास सावन देवी और ससुर ललन सिंह मिलकर बहू को प्रताड़ित करते थे। मारपीट भी करते थे। पति मुंबई में रहता है।

आज सुबह पूजा की सास सावन देवी उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगी। उस समय ससुर ललन सिंह भी मौजूद थे। इतने में ही उनके बहनोई बहन को घर में खींचकर ले गए और दरवाजा बंद कर लिया। उनकी बहन को पहले सल्फास खिलाया और फिर खुद भी खा लिया।

**मां बोली- जब से शादी हुई बेटी को चैन से रहने नहीं दिया**

मां सुजीता देवी ने आरोप लगाया कि जब से शादी हुई,उसके ससुराल वाले रोज मेरी बेटी के साथ मारपीट, गाली गलौज और हमेशा सोने की चेन की मांग करते थे। पूजा मधुबनी के मधेपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी सुमन कुंवर की बेटी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घनश्यामपुर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जवानों को मिला नक्सलियों का बंकर...बनते थे बम और गन

## जमीन में 10 फीट गहरा, 14 फीट चौड़ा कमरा; एनकाउंटर में बच निकले हिड़मा-देवा

**जगदलपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** बस्तर में 3 जिलों की पुलिस फोर्स ने नक्सली कमांडर हिड़मा के गढ में घुसकर हिड़मा और देवा की टीम के 12 लड़ाकों का एनकाउंटर कर दिया है। हालांकि, इस बार भी हिड़मा और देवा पुलिस की गोलियों से बचकर निकल गए। सर्चिंग के दौरान शुक्रवार को जवानों को नक्सलियों का बंकर भी मिला है। जमीन के अंदर ही करीब 10 फीट गहरा और 12 से 14 फीट चौड़ा कमरा बनाया गया था। इसके अंदर हथियार और बम बनाने मशीन, बारूद, तार रखे थे। जवानों ने नक्सलियों की हथियार बनाने वाली फैक्ट्री और मशीनों को भी नष्ट किया है। मारे गए नक्सली बटालियन नंबर 1 और सीआरसी (सेंट्रल रीजनल कमेटी) के हैं। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य की सीमा पर 3 जिलों की पुलिस ने करीब 48 घंटे तक ऑपरेशन चलाया।

**3 जिलों के सरहदी क्षेत्र में मुठभेड़:** पुलिस को सूचना मिली थी कि दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के सरहदी क्षेत्र में करीब 200-250 नक्सली मौजूद हैं। पामेड़, उसूर और बासागुढ़ा थाना इलाके के पुजारी कांकेर, तुमलेर, मलेमपेंटा समेत आस-पास के जंगल में इनकी मौजूदगी थी। साथ ही नक्सली कमांडर हिड़मा और बटालियन नंबर 1 का कमांडर देवा के भी होने की खबर थी। इसी सूचना के आधार पर 15 जनवरी की शाम दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले की डीआरजी, कोबरा 205, 206, 208 और 210 बटालियन के साथ ही सीआरपीएफ के करीब 1500 से 2000 जवानों ने ऑपरेशन लॉन्च किया।

**8 से 9 घंटे तक चला एनकाउंटर:** 15 जनवरी की रात तक ये सभी जवान नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंच गए थे। रात में तीनों जिले की फोर्स ने नक्सलियों के ठिकाने को घेर लिया। वहीं 16 जनवरी



की सुबह 8 से 9 बजे के बीच नक्सलियों की जवानों के साथ पहली मुठभेड़ हुई। जिसमें जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया था। इसके बाद दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। 16 तारीख को ही करीब 8 से 10 घंटे तक रुक-रुककर फायरिंग हुई। रात होते ही फायरिंग रुकी। जवान जंगल में ही पोजीशन लेकर बैठे रहे। अगले दिन यानी 17 जनवरी की सुबह से फिर जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसमें 5 महिला समेत कुल 12 नक्सलियों के शवों को बरामद कर लिया गया। सभी नक्सली सीआरसी और नक्सलियों की सबसे मजबूत टीम बटालियन नंबर 1 के माओवादी हैं। मारे गए सभी नक्सलियों के शवों समेत हथियार लेकर जवान जिला मुख्यालय पहुंचे।

**बचकर निकले बड़े लीडर्स:** जवानों ने घटनास्थल से हथियार समेत क्लरु लॉन्चर भी बरामद किए हैं। बड़ी बात है कि एक बार फिर से हिड़मा और नक्सली देवा पुलिस की गोली से बचकर निकल गए हैं। अफसरों का दावा है कि इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगी है।

**नक्सलियों का बंकर मिला, यहां कई सामान डंप किए गए:** मुठभेड़ के बाद इलाके की छानबीन करने के दौरान जवानों को बड़ी कामयाबी मिली। सुकमा डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों का बंकर ढूंढ निकाला जो सुकमा-बीजापुर सीमा में तुमरेल ओर तलपेरू नदी के बीच था। यहां से नक्सलियों का डंप सामान जब्त किया गया है। बंकर में हथियार और विस्फोटक बनाने का सामान था। बंकर के ऊपर से लकड़ी रखकर उसे मिट्टी और पत्तों से इस तरह ढका हुआ था कि अगर कोई ऊपर से कोई चला भी जाए तो उसे पता ही नहीं चल पाए। इसके अलावा नक्सलियों के कैंप को भी ध्वस्त किया गया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों को नक्सलियों की हथियार बनाने की फैक्ट्री मिली। यहीं जवान देसी क्लरु लॉन्चर, देसी लॉन्चर बनाते थे। फोर्स ने उसे भी नष्ट कर दिया।

**आईजी बोले- बड़ा ऑपरेशन था:** वहीं बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ यह फोर्स का बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। जवानों ने नक्सलियों के कोर जोन में घुसकर उन्हें मार गिराया। ये नक्सलियों पर बड़ा प्रहार था। उन्होंने कहा कि, लगातार हो रहे ऑपरेशन से माओवादी बैकफुट पर आए हैं।

# एमपी के सागर समेत 7 जिलों में कोल्ड-डे

## इंदौर में दो फ्लाइट लेट; सेंधवा में 10 मीटर, अशोकनगर-ग्वालियर में 50-50 मीटर विजिबिलिटी

**भोपाल ( जनमार्ग न्यूज )।** मध्यप्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुर गया है। शनिवार को भोपाल, सागर समेत 7 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। टीकमगढ़, अशोकनगर और सेंधवा समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा। सेंधवा में करीब 10 मीटर तो अशोकनगर में 50 मीटर के करीब विजिबिलिटी रही। लोग गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर बाहर निकले। ग्वालियर में घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी घटकर सिर्फ 50 मीटर रह गई। कोहरे की वजह से इंदौर आने-जाने वाली दो फ्लाइट्स लेट हो गईं। बेंगलुरू-इंदौर फ्लाइट शनिवार सुबह 7.15 की जगह दो घंटे देरी से 9.16 बजे पहुंची। वहीं, दिल्ली में कोहरे के कारण इंदौर से सुबह 6.55 बजे उड़ने वाली फ्लाइट डेड़ घंटे देरी से सुबह 8.27 बजे रवाना हुई। जबलपुर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शीतलहर के कारण ठंड में और इजाफा हो गया है, जिससे दिन के समय भी लोगों को ठिठुरन का एहसास हो रहा है।

### अगले तीन दिन घना कोहरा, ठंड

मौसम विभाग के मुताबिक, कड़ाके की ठंड का असर अब और भी बढ़ेगा क्योंकि बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ेगी। अगले 3 दिन प्रदेश में कोहरा छाया रहेगा। इससे पहले शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 18 शहरों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति रही। यहां दिन का पारा 23 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।

# विधि के विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिताओं का होगा भव्य आयोजन : तेनगुरिया

**● सेठ जीएल बिहानी लॉ कालेज में विधिक जागरूकता शिविर**

**जनमार्ग न्यूज**




**श्रीगंगानगर।** सेठ जीएल बिहाणी एसडी विधि पीजी महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) गजेंद्र सिंह तेनगुरिया की अध्यक्षता में किया गया। शिविर के दौरान न्यायाधीश गजेंद्र तेनगुरिया ने महाविद्यालय में पुस्तकालय, निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र और फोरेंसिक लैब का अवलोकन करते हुए विधि के विद्यार्थियों को नालसा द्वारा प्रदान की जा रही कानूनी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जायेगा। इसमें नालसा की योजनाओं में दिए गए विभिन्न नियमों पर रील और लघु फिल्म बनानी होगी और अंतिम रूप में चयनित प्रथम प्रतिभागी को 10000 रुपए और द्वितीय प्रतिभागी को 5000 रुपए का ईनाम मिलेगा। तेनगुरिया ने न्याय क्षेत्र से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए। इस अवसर पर चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल रोहिताश यादव एवं जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य डॉ. भुवनेश शर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर के समापन पर प्राचार्य डॉ. रिशु देव बंसल ने न्यायाधीश तेनगुरिया और समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नालसा द्वारा चलाई गई योजना का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एक सक्षम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। विधि के विद्यार्थियों का इसे सफल बनाने में सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक आचार्य श्रीमती साक्षी मल्होत्रा ने किया। इस अवसर पर शैक्षिक निदेशक डॉ. कविता चौधरी, सहायक आचार्य डॉ. आत्माराम सिहाग, डॉ. रोशनी लीला, डॉ. बी.के. चावला, डॉ. धर्मवीर सिंह, बजरंग सैनी, नरेश कुमार, श्रीमती स्वीन डल, श्रीमती पूजा और मंत्रालिक कर्मचारी मौजूद थे।

# सिख जत्थेबंदियों ने इमरजेंसी फिल्म का किया जबरदस्त विरोध



**● रिद्धि-सिद्धि पीवीआर व श्रीनाथ एंक्लेव में फिल्म का प्रदर्शन रोका**

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन तेजेंद्र पाल सिंह टिम्मा की अगवाई में सिख जत्थेबंदियों ने आज इमरजेंसी फिल्म का जबरदस्त विरोध किया। सिख जत्थेबंदियों के विरोध स्वरूप रिद्धि सिद्धि पीवीआर मॉल में व श्रीनाथ एंक्लेव में फिल्म के शो रद्द कर दिए कल गए। टिम्मा ने बताया कि इमरजेंसी फिल्म में सिख कौम के खिलाफ फिल्म गलत दृश्य पेश किए गए हैं। जिससे सिखों का अक्स खराब हुआ है। टिम्मा ने कहा की ऐसी किसी भी फिल्म का जबरदस्त विरोध किया जाएगा जो किसी भी धर्म या संप्रदाय में नफरत पैदा करेगी। देश एक गुलदस्ता है किसी को इस बात की इजाजत नहीं दी जाएगी कि वह गुलदस्ते के एक फूल को तहस-नहस करने का प्रयास करें। सिख कौम का एक गौरवमई विरसा है। देश की आजादी में सिक्खों ने 90 प्रतिशत कुर्बानी दी हैं। इसके बावजूद कोई चंद वोटो व नोटों के लालच में सिख कौम के खिलाफ नफरत का प्रचार करेगा तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। सिख जत्थेबंदियों के विरोध स्वरूप सिनेमा मालिकों ने रात 9.00 बजे का शो कैंसल किया गया वह आगे भी शो ना चलाने का वायदा किया। आज सिख जत्थेबंदियों के विरोध प्रदर्शन में अमरजीत सिंह शैरी, गुरप्रीत सिंह सिद्धू, दिलीप सिंह धुरी, जगदेव सिंह, जसवीर सिंह, हरनाम सिंह, आशीष सिंह, जपजोत सिंह, गौरव सिंह, शिवा सिंह, आजाद सिंह, मीत सिंह, अमरजीत सिंह, मनजीत सिंह, सिमरन सिंह सहित आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

## इंटर स्कूल युवक मेले का आयोजन

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल की ओर से इंटरस्कूल युवक मेला का आयोजन गुरु रामदास कॉन्वेंट स्कूल 9 जेड में किया गया। कार्यक्रम में 15 स्कूल से लगभग 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मेले में अलग अलग तरह के मुकाबले करवाए गए, जिसमें मुख्य रूप से निबंध, सुंदर लिखाई, दस्तार बंदी, पोस्टर मेकिंग, गुरुनानक देव जी जीवनी पर क्विज, कविता मुकाबला, और मिट्टी के खिलौने बनाना शामिल है।

## करंट आने से महिला की मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**केकड़ी।** केकड़ी क्षेत्र के एक गांव में पंचायत भवन के बाहर सरकार की योजना के प्रचार के लिए लगे फ्लैक्स होर्डिंग में करंट आ जाने से एक महिला की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ धरने पर बैठ गए, जो बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन देने पर माने। यह हादसा केकड़ी क्षेत्र में सावर थाना क्षेत्र के गांव आलोली में हुआ। यहां ग्राम पंचायत भवन की चारदीवारी पर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रचार का एक बड़ा फ्लैक्स लगाया हुआ है। इसी के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शनिवार को सुबह गांव की एक महिला ग्राम पंचायत भवन के बाहर दीवार पर लगी मनरेगा लिस्ट में अपना नाम देख रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

## समेजा कोठी पंचायत में ईमित्रा पर आधार सेवा शुरू

**जनमार्ग न्यूज**

**समेजा कोठी।** ग्राम पंचायत में स्थित ई मित्रा केंद्र पर आधार सेवा शुरू होने से ग्रामीणों को बाल आधार सहित आधार की सेवाओं की सुविधा अब स्थानीय स्तर पर ही मिलने लगी है जिससे क्षेत्र लोगों ने राहत महसूस की है।क्योंकि पहले आधार बनाने के लिए 30 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था जिससे धन व समय दोनों ज्यादा व्यय हो रहा था।आधार सेंटर संचालक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सेंटर पर आधार में फोटो अपडेट, मोबाईल नंबर जोड़ना,फिंगर प्रिंट अपडेट,नया आधार बनवाना साथ ही बाल आधार अपडेट की सुविधा दी जा रही हैं।साथ ही बताया कि ये सुविधा लेने के लिए प्रार्थी सबूत के तौर पर असली कागज साथ ले कर आए।जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र समयानुसार आधार अपडेट करवाते रहे ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## प्रवीण–गीता का शुभविवाह कल

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** स्थानीय गणेश विहार द्वितीय निवासी आशुराम लिड़ीया-कलावती के पुत्र प्रवीण का शुभविवाह कालियां निवासी कालूराम कड़वा-सोमा देवी की सुपुत्री गीता के साथ रविवार, 19 जनवरी को धूमधाम से सम्पन्न होगा। लिड़ीया परिवार की ओर से शनिवार शाम 8 बजे प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। जनमार्ग परिवार की ओर से अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं।

## हरियाणा के 2 युवकों की पंजाब में मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद के 2 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं 3 युवक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। सभी दोस्त एक रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए पंजाब के संगरूर में गए थे। वापसी के दौरान शनिवार तड़के करीब 3 बजे पटियाला में घनी धुंध था। धुंध के कारण ड्राइवर को आगे का रास्ता साफ नहीं दिख पाया और कार पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पंजाब पुलिस को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवकों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। तीन घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## बिजली लाइन को डम्पर से मारी टक्कर

**● लापरवाही से 33 हजार केवी लाइन को किया क्षतिग्रस्त**

**जनमार्ग न्यूज**



**बीकानेर।** बीकानेर के मुरलीधर व्यास नगर में एक डम्पर चालक ने लापरवाही बरतते हुए 33 हजार केवी लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे बीकेईएसएल कंपनी को करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हो गया। कंपनी ने डम्पर चालक के खिलाफ नयाशहर थाने में मामला दर्ज करा दिया है। कंपनी में श्रमिक के रूप में काम करने वाले धर्मेंद्र रुड़ला ने नयाशहर थाने में एफआईआर दी है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि करमीसर रोड पर मुरलीधर व्यास कॉलोनी में डम्पर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए 33 हजार केवी लाइन के खम्भे को टक्कर मार दी। जिससे लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसे वापस सही करने में कंपनी को करीब तीन लाख रुपए खर्च करने पड़े। कोई बड़ा हादसा भी इसी कारण हो सकता था। गनीमत रही कि किसी तरह का हादसा नहीं हुआ। डम्पर के रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। चालक का नाम एफआईआर में नहीं दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात डम्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आमतौर पर खम्भों को चोट लगने पर बीकेईएसएल अपने स्तर पर इसे सही कर देता है लेकिन एफआईआर दर्ज कराने की नौबत नहीं आती। इस बार कड़ा रुख अपनाते हुए कंपनी ने एफआईआर दर्ज करवाई है।

## एसएचओ बिश्नोई के कार्यकाल अपराधों पर लगा लगाम



**जनमार्ग न्यूज**

**समेजा कोठी।** विकास बिश्नोई की समेजा पुलिस थाने में करीब 1 वर्ष की सेवाएं रही। इस दौरान विकास बिश्नोई की टीम ने करीब 75 करोड़ रुपये कीमत की 15 किलो हेरोइन सहित एनडीपीएस के 21 प्रकरण दर्ज करते हुए दर्जनों तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाब रहे, वही अवैध हथियार बनाने की एक मिनी फैक्ट्री का भी खुलासा किया। विकास बिश्नोई को अब बीकानेर जिले के नाल पुलिस थाना का प्रभारी लगाया गया है।

## अनूपगढ़ में बदला मौसम का मिजाज, फसलों को राहत

**● ओलावृष्टि का खतरा बरकरार**

**जनमार्ग न्यूज**



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में शनिवार को मौसम में आए बदलाव ने किसानों को राहत दी है। सुबह से छाए घने कोहरे और बादलों के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस मौसमी बदलाव से गेहूं, सरसों और चने जैसी रबी फसलों को फायदा होने की उम्मीद है। पतरोडा क्षेत्र के किसान परविंदर सिंह बरड़ के अनुसार वर्तमान मौसम फसलों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है। रबी फसलों को इस समय ठंड और ओस की आवश्यकता होती है, जो उनकी बेहतर वृद्धि और उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिंचाई के पानी की कमी के दौर में यह प्राकृतिक नमी फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है। हालांकि, मौसम विभाग द्वारा जारी ओलावृष्टि की चेतावनी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान जसपाल सिंह ने इस चिंता को व्यक्त करते हुए कहा कि यद्यपि वर्तमान मौसम अनुकूल है, परंतु ओलावृष्टि की स्थिति में उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# अनूपगढ़ में शुरू हुई पोस मशीन से ऑन स्पॉट बिलिंग

**● बिल जमा करने के लिए मिलेगा 10 दिन का समय ● विभाग ने 40 मशीनें कराई उपलब्ध**



**जनमार्ग न्यूज**

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में बिजली बिल वितरण की नई व्यवस्था की शुरुआत हो गई है। अब विद्युत विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर जाकर पोस मशीन से तुरंत बिजली बिल जारी करेंगे। यह सुविधा सबसे पहले वार्ड नंबर 18 के ठाकुर मंदिर क्षेत्र में शुरू की गई है। विद्युत विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता मुकेश चौहान ने बताया कि अनूपगढ़ में इस नई व्यवस्था के लिए 40 पोस मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इस नई पहल से उपभोक्ताओं को बिल के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और बिल न मिलने की शिकायतों का भी समाधान हो जाएगा। कर्मचारी मौके पर मीटर रीडिंग लेकर तुरंत बिल जारी करेंगे, जिसके बाद उपभोक्ताओं के पास बिल जमा करने के लिए 10 दिन का समय होगा। इस नई व्यवस्था की शुरुआत के दौरान विद्युत विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। जिनमें ए आर ओ सन्नी नायर, सुरेंद्र स्वामी, विकास बंसीवाल, अनूप सिंह, संजीव कुमार, दलीप कुमार, पवन कुमार, अजय सांखला, हरविंदर सिंह, अनमोल और मनोज कुमार शामिल थे।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रातःकालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Website:- www.janmarg.com
Youtube:- Janmarg News

## ट्रेन से पर्स चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**सिरोही।** आबूरोड रेलवे पुलिस द्वारा 6 माह पूर्व फालना स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से लेडिज पर्स चोरी करने के आरोप में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से चुराए गए सामान की बरामदगी के प्रयास जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को रेलवे कोर्ट जोधपुर में पेश कर अग्रिम जांच एवं कार्रवाई के लिए रिमांड मांगा जाएगा। आबूरोड रेलवे पुलिस थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान की अगुवाई में टीम द्वारा ईश्वर वैष्णव पुत्र जेठूदास, फारूख पुत्र कमरूद्दीन सिलावट एवं मोहम्मद अकील पुत्र लाल मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से चुराए गए सामान की बरामदगी के प्रयास जारी है। उन्हें शनिवार को रेलवे कोर्ट जोधपुर में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा।

## बच्चों से भरी स्कूल बस खेत में उतरी

**सड़क किनारे मिट्टी न होने से गाड़ी को साइड देते वक्त हुआ हादसा**




**जनमार्ग न्यूज**

**फाजिल्का।** फाजिल्का में आज एक निजी स्कूल बस, जिसमें बच्चे सवार थे, दूसरे वाहन को रास्ता देते समय सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी। हादसे का मुख्य कारण सड़क किनारे पर्याप्त मिट्टी का न होना है। घटना जलालाबाद के गांव सिमरियावाला की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, खेतों के मालिकों ने सड़क किनारे की मिट्टी को अपनी जमीनों में मिला लिया है, जिससे सड़क के किनारे सुरक्षित साइड नहीं बची है। इस कारण वाहनों को साइड देते समय हादसों का खतरा बना रहता है। आज का हादसा इसी का परिणाम था। राहगीरों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692